RNI NO. 56331/93 | वर्ष » 33 | अंक » 134 | जयपुर » मंगलवार » 14 अक्टूबर, 2025 | पृष्ठ » 08 | मूल्य » 2 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण जयपुर, टोंक और मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 | KKDJPR@GMAIL.COM | www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

केंद्रीय गृहमंत्री का तीन महीने में राजस्थान का तीसरा दौरा

## जो कहते हैं वो करते भी है, थोथे वादे नहीं करते : शाह



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह को भजनलाल सरकार का निर्माता निर्देशक माना जाता है। उनकी पसंद के मुख्यमंत्री का काम काज सही चल रहा है या नहीं इसकी जांच करने वे समय-समय पर राजस्थान का दौरा करते रहते हैं। हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री भी बीच-बीच में दिल्ली जाकर गृहमंत्री को राजस्थान में राजकाज कैसा चल रहा है इसकी रिपोर्ट देते रहते हैं। गृहमंत्री का अपने गृहप्रांत गुजरात से ज्यादा ध्यान राजस्थान पर है। क्योंकि राजस्थान की बुराई भलाई की जिम्मेदारी उनकी व्यक्तिगत है। आज उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को टारगेट करके कहा कि हम जो कहते हैं वो करते भी है। हम और पार्टियों की तरह थोथे वादे नहीं करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज चार लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हुई है। जब यहां राइजिंग राजस्थान समिट चल रहा था तब भी मैं आया था। शाह ने कहा कि मैंने अशोक गहलोत का कमेंट पढ़ा था कि 35 लाख करोड़ के एमओयू तो किए, जमीन पर कितने उतरेंगे? उस वक्त तो हमने किसी को जवाब नहीं दिया था। मैं आज गहलोत को कहना चाहता हूं कि ये भाजपा की सरकार है। कांग्रेस की सरकार नहीं है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुझे खुशी है कि इतने कम समय में भजनलाल सरकार ने 35 लाख करोड़ में से 7 लाख करोड़ के एमओयू को जमीन पर उतारने का काम किया है। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। देशभर में जो इन्वेस्टमेंट समिट होती है, उसमें एमओयू को जमीन पर उतारने की जो एवरेज दर है, उससे भजनलाल सरकार कई गुना आगे आएगी, इसका मुझे पूरा विश्वास है।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### स्वदेशी अपनाने का प्रण लें

पीएम मोदी ने हमारी अर्थव्यवस्था को 11 वें से चौथे नंबर पर पहुंचाई है। देश के 140 करोड़ लोग प्रण ले लेते हैं कि हम स्वदेशी सामान का ही उपयोग करेंगे तो 2047 में जब देश आजादी की शताब्दी मनाएगा, तब हम सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

### 'ईज ऑफ जस्टिस' के लिए भी बड़ा परिवर्तन होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो नए तीन कानून लाए हैं, इसको पूरी तरह से लागू होने में अभी 2 साल और लगेंगे। साल 2027 के बाद जो भी एफआईआर होगी, इसको तीन साल के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट तक न्याय देने की व्यवस्था इस कानून से हो जाएगी। उन्होंने कहा- मोदी ने ईज ऑफ लिविंग के लिए ढेर सारे परिवर्तन किए हैं। इन कानूनों के अमल के साथ ही ईज ऑफ जस्टिस के लिए भी बहुत बड़ा परिवर्तन होगा।

### सजा का डर 60 प्रतिशत पहुंचा

शाह ने कहा- मैं आज यहां की जनता को बताने आया हूं कि राजस्थान में सजा कराने का डर 42 प्रतिशत था। पुलिस 100 लोगों को पकड़ती थी, इनमें से 42 लोगों को सजा होती थी। इन कानूनों को एक साल हुए हैं। इस 42 प्रतिशत को हमने 60 प्रतिशत पहुंचा दिया है। जब इसका सम्पूर्ण इम्प्लीमेंटेशन हो जाएगा, ये 60 प्रतिशत से भी बढ़कर 90 प्रतिशत तक सजा का डर जाएगा। इसके प्रावधान इस कानून में किए हैं।

'नव विधान - न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी का शुभारंभ समारोह

# ये नए कानून दण्ड के स्थान पर न्याय से प्रेरित है : अमित शाह

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए हैं। इन तीन नए कानूनों की पूर्ण क्रियान्विति से आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि ये नए कानून दण्ड के स्थान पर न्याय से प्रेरित है। इनसे नागरिकों को समय पर सुलभ तरीके से न्याय सुनिश्चित हो सकेगा।

शाह ने कहा-लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत बेहतरीन काम किया है। समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, जिनमें से तीन लाख करोड़ के एमओयू का कार्य पूर्व में धरातल पर शुरू हो चुका है। वहीं आज लगभग चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का भूमि पूजन हुआ है। शाह ने कहा कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू जमीन पर उतरे हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। शाह सोमवार को जेईसीसी, सीतापुरा में तीन नए आपराधिक कानूनों पर आधारित 'नव विधान - न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी के शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नए कानून नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को सुलभ और सुगम बनाते है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय इन कानूनों की क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

### राजस्थान में सजा दिलाने की दर बढ़ी, 60 प्रतिशत पहुंची

शाह ने कहा कि तीन नए कानूनों के लागू होने के बाद राजस्थान में अपराधियों को सजा दिलाने की दर में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। एक वर्ष के समय में सजा दिलाने की दर 42 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच गई है। इसे हम 90 प्रतिशत तक लेकर जाएंगें।

### ईज ऑफ जस्टिस में बड़ा परिवर्तन

केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईज ऑफ लिविंग के लिए देश में कई परिवर्तन किए हैं और इन नए कानूनों के माध्यम से देशभर में ईज ऑफ जस्टिस में भी बड़ा परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में महिलाओं, बच्चों के साथ-साथ ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। साथ ही, 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेन्सिक जांच को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इनमें आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, डिजिटल अपराध की पहली बार व्याख्या भी की गई है।



### दुनिया में सबसे आधुनिक होगी भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली

उन्होंने कहा कि तीन नए कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े रिफॉर्म्स हैं। इनके पूर्ण क्रियान्वयन के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद विभिन्न अपराधों में चार्जशीट दायर करने की दर 50 प्रतिशत पहुंच गई हैं जिसे हम 90 प्रतिशत तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के बाद जो भी एफआईआर दर्ज होगी उसमें तीन साल के भीतर न्याय भी सुनिश्चित होगा।

### प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व कार्य

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। सीमा पर संघर्ष हो या अंतरराष्ट्रीय मंच, भारत अब अपनी शर्तों पर काम करते हुए राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करता। यह सब प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद देश ने वे कार्य संभव होते देखे जो दशकों से असंभव माने जाते थे।

### प्रदेश में पुलिस व्यवस्था बन रही आधुनिक और सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने और अपराधियों पर ठोस कार्यवाही करने के क्रम में राज्य सरकार ने पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। हमने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है। साथ ही, 22 नए पुलिस थाने बनाये और 35 नई पुलिस चौकियों को खोलने की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि राज्य में 65 एंटी रोमियो स्क्वाड, तीन महिला बटालियन पद्मिनी, काली बाई, अमृता देवी, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट बनाई गई हैं।

### सरकार एमएसपी पर दलहन की करेगी खरीद

शाह ने आमजन से आह्वान किया कि वे दीपावली महोत्सव के दौरान अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीद करें। साथ ही, उन्होंने प्रदेश के किसानों से अपनी दलहन की फसलों पर एनएएफईडी (नाफेड) और एनसीसीएफ के माध्यम से पंजीकरण करने का आह्वान भी किया जिससे केन्द्र सरकार द्वारा उनकी दलहन को एमएसपी की दरों पर खरीदा जा सके।

### नए कानूनों में पीड़ितों के अधिकारों को प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नए कानूनों से देश को औपनिवेशिक मानसिकता की बेड़ी से मुक्त किया। ये तीन नए कानून स्वतंत्र भारत के इतिहास में क्रांतिकारी कदम हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों को इन कानूनों में प्राथमिकता दी गई है जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय और सम्मान मिल सकेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए भी इन कानूनों में विशेष प्रावधान किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन नए कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करने के क्रम में पुलिस विभाग, न्यायिक अधिकारियों और प्रशासनिक तंत्र को इन नए कानूनों का व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जयपुर-अजमेर हाईवे पर फैले तेल से फिसली एंबुलेंस

## अनियंत्रित गाड़ी ट्रक से टकराई, दो की मौत



### मरने वालों में मरीज की पत्नी शामिल

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर तेज रफ्तार एंबुलेंस, सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। एंबुलेंस में सवार मरीज की पत्नी समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। हाईवे पर पाम ऑयल फैला हुआ था। इसी पर टायर फिसलने के बाद एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई थी। हादसा बगरू इलाके के छीतरोली स्टैंड के पास रविवार रात करीब ढाई बजे हुआ।

एसआई शेरसिंह मीणा ने बताया- हादसे में किशनगढ़, अजमेर निवासी दिनेश कुमारी (55) और विक्की उर्फ वीरम सिंह (31) पुत्र गोविंद सिंह की मौत हो गई। एंबुलेंस ड्राइवर सतीश धामनी, अमित वैष्णव (30) और बिठुदास (60) का एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

एसआई शेरसिंह मीणा ने बताया- बिठुदास की तबीयत खराब होने के कारण एंबुलेंस से एसएमएस हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था। छीतरोली स्टैंड पर पाम ऑयल का टैंकर खड़ा था। पीछे से आए डंपर ने उसे टक्कर मार दी।

पाम ऑयल सड़क पर फैल गया। इस टक्कर में डंपर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। टक्कर के बाद टैंकर से पाम ऑयल का रिसाव होने लगा और वह हाईवे पर फैल गया।

उसी समय किशनगढ़ की ओर से आ रही एंबुलेंस पाम ऑयल पर आकर अनियंत्रित हो गई। हाईवे किनारे खड़े ट्रक में सामने से एंबुलेंस घुस गई। हेड कॉन्स्टेबल मोहन सिंह ने बताया- पुलिसकर्मी घायलों को बगरू सीएचसी ले गए थे। इसके बाद तीन घायलों को एसएमएस भेजा गया।

### आईआरसीटीसी घोटाले में लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**पटना।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा, लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। बिहार चुनाव के बीच यह फैसला लालू और आरजेडी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

बीकानेर के भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर ट्रक-कार में टक्कर

## ट्रक ड्राइवर जिंदा जला, कार सवार टीचर की भी मौत, चार घायल

खबरों की दुनिया

**बीकानेर।** बीकानेर के निकल रहे भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर कार और ट्रक की टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर जिंदा चल गया। वहीं कार में सवार सरकारी टीचर की मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे नापासर थाना क्षेत्र के रायसर गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सरकारी टीचर का परिवार कार में सवार था। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के



अनुसार सरकारी टीचर संतोष कुमार अपने परिवार के साथ बाड़मेर गए थे। वे लूणकरणसर के रहने वाले थे। अर्टिगा कार में उनकी पत्नी जमना देवी के साथ रिश्तेदार दिनेश रामचंद्र और ज्योति भी थे। रायसर गांव के पास पहुंचते ही उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से भिड़ गई। टक्कर होते ही कार और ट्रक में आग लग गई। इसमें ट्रक ड्राइवर लूणकरणसर निवासी कालूराम ओझा जिंदा जल गया।

हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद हेड कॉन्स्टेबल किशन सिंह मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। इससे पहले वहां मौजूद लोगों ने कार में सवार लोगों को बाहर निकाल लिया था। पुलिस ने बताया कि संतोष और उनका परिवार बाड़मेर से लूणकरणसर लौट रहे थे।

## चांदी एक दिन में 10,825 महंगी कीमत 1.75 लाख पार पहुंची

### सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख पार हुआ, दोनों ऑलटाइम हाई पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपए



पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है।

हमास ने शेष सभी 20 जीवित इजराइली बंधकों को हमास ने रिहा कर दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइली बंधकों की रिहाई का स्वागत किया, ट्रंप के अटूट शांति प्रयासों को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इजराउली बंधकों की रिहाई का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अटूट शांति प्रयासों और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक रहने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं।

उनकी आजादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रंप के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प को ट्रिब्यूट है। हम क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करते हैं।

इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने पुष्टि की कि गाजा में दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक रहने के बाद शेष सभी 20 जीवित इजराइली बंधकों को हमास ने रिहा कर दिया है और इजराइली अधिकारियों को वापस कर दिया है।

### आईडी एफप्रवक्ता एफी डेफ्रिन का बयान

जब देश सिमचत तोराह की पूर्व



संध्या पर बंधकों की वापसी का जश्न मना रहा था। इस संबंध में आईडीएफ प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने कहा कि आज, सात सौ अड़तीस दिनों के बाद शेष 20 जीवित बंधक घर लौट आए हैं।

यह एक निर्णायक क्षण है। यह क्षण इजराइल के लोगों और मानवता में विश्वास रखने वाले सभी लोगों का है।

### शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान

इस संबंध में विदेश मंत्रालय ने कहा है, भारत ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए आतंकवादी हमलों और इजराइल-हमास संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की कड़ी निंदा की है।

भारत ने लगातार सभी बंधकों की रिहाई, युद्धविराम और बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया

### मानवीय सहायता निरंतर सप्लाई पर जोर

मंत्रालय ने आगे कहा कि भारत ने क्षेत्र में मानवीय सहायता की सुरक्षित, समय पर और निरंतर सप्लाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

भारत की स्थिति को विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों जैसे संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, एनएएम, वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ आदि में दोहराया गया है।

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने इस मुद्दे पर क्षेत्र और दुनिया भर के कई नेताओं से बात की है।

जिनमें इजराइल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शामिल हैं।

### न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच के लिए आवाज का नमूना देने का दे सकते हैं आदेशः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सीआरपीसी में स्पष्ट प्रावधानों के अभाव के बावजूद, न्यायिक मजिस्ट्रेट को किसी अपराध की जांच के लिए किसी व्यक्ति को अपनी आवाज का नमूना देने का आदेश देने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनाया।

बेंच ने कहा कि, रितेश सिन्हा (2019) मामले में यह माना गया था कि, सीआरपीसी में स्पष्ट प्रावधानों के अभाव के बाद भी न्यायाकि मजिस्ट्रेट को किसी अपराध की जांच के लिए किसी भी शख्स को अपनी आवाज का नमूना देने का आदेश देने का अधिकार दिया जाना चाहिए।

खबरों की दुनिया

## एक नजर

### लगातार तीसरे वर्ष वर्धमान बना चैम्पियन




खबरों की दुनिया

**सीकर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड मैनजमेंट द्वारा रेलवे सामुदायिक भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में वर्धमान विद्या विहार स्कूल एवं जैन स्कूल ने चैम्पियन ट्रॉफी जीती। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए 7000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 4000 रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के लिए 3000 रुपए नकद प्रदान किए गए। सचिव संजय संगही ने बताया कि वर्धमान स्कूल एवं जैन स्कूल ने कुल 33000 रूपये के नकद पुरस्कार प्राप्त किये। ड्राइंग प्रतियोगिता में नीतिशा वर्मा ने प्रथम, मैथ्स- प्रो प्रतियोगिता में प्रियम खेतान ने प्रथम एवं निकिता श्रीवास्तव ने द्वितीय, पाथोगोरस स्टार प्रतियोगिता में कृति काबरा ने प्रथम एवं मॉडल प्रतियोगिता में जानवी शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बायो प्रतियोगिता में वेदिका जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान डॉ. मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि तनुष्का शर्मा, सोहा जोड, नंदिनी साजवानी, नेहा भार्गव, यशु अग्रवाल, किंजल राठौड़ एवं मयंक सोमानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्य सुनील पहाड़िया, मनोज पाटोदी, प्रियंक गंगवाल, अमित पिराका, कैलाश जयपुरिया, निखिल अजमेरा एवं विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा।

### शेखावाटी विश्वविद्यालय में एबीवीपी नें हॉस्टल शुरू व छात्रवृत्ति को लेकर ज्ञापन सौंपा



खबरों की दुनिया

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में एलएलबी व हॉस्टल शुरू करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर कुलगुरु के नाम चीफ प्रॉक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विकास गुर्जर ने बताया कि विश्वविद्यालय लॉ विभाग के एलएलबी तृतीय व पंचम वर्षीय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, विश्वविद्यालय कैम्पस हॉस्टल शुरू, कैम्पस व लाईब्रेरी में वाई-फाई की तकनीकी खामियों को दुर की जावें, वाईफाई का प्रतिदिन डेटा बढ़ाया जावें, विश्वविधालय मुख्यद्वार के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर व बैरियर रखवायें जावें,विश्वविद्यालय आउटडोर गेम्स के ग्राउंड शीघ्र तैयार करवाया जावें, NSS शुरू, विश्वविद्यालय कैम्पस के विधार्थियों के आ रही छात्रवृत्ति वेरिफाई की समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाया जावें। विभाग संयोजक उत्तम चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय में लॉ बिल्डिंग बन चुकी है तो एलएलबी शुरू और आउटडोर खेल ग्राउंड तैयार करके शीघ्र विधार्थियों को समर्पित किया जावें।

जिला संयोजक दीपिका भारद्वाज ने बताया कि दुरदराज ग्रामीण इलाकों से आने वाले विधार्थियों के लिए हॉस्टल सुविधा शीघ्र शुरू किया जावें। क्योंकि अभी सर्दी तेज होने पर विधार्थियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। यदि सभी मांगों को जल्द पुर्ण नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन अभाविप छात्रहितों में करेगा। इस दौरान सतेन्द्र योगी, सतवीर मीणा, राजाराम घील, अभिजीत सिंह, सुमित सेवदा, कृष्णगोपाल शर्मा, लोकेश गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### एसके अस्पताल के पीएमओ सहित 6 के खिलाफ मामला दर्ज

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के एसके अस्पताल के पीएमओ सहित 6 लोगों के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि इन्होंने सालासर रोड स्थित जनाना (MCH) अस्पताल में संचालित आईवीएफ सेंटर पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। इसके साथ ही डेढ़ करोड़ रुपए का सामान गायब किया। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में जयपुर निवासी डॉ. विक्रम सिंह तंवर और डॉ. सुमन कंवर ने शिकायत देकर बताया कि वह साल 2017 से जनाना हॉस्पिटल में एम ओ यु के तहत आईवीएफ सेंटर चला रहे हैं। 23 सितंबर को इन्हें पता चला कि इनके सेंटर पर कुछ लोगों ने कब्जा करने की कोशिश की।

इस बारे में उसी रात 11:30 बजे इन्होंने पीएमओ डॉ. कमल अग्रवाल को भी सूचित किया और कहा कि हम ऐसी स्थिति में सेंटर नहीं चला सकेंगे, इसलिए एम ओ यु को निरस्त कर दें। साथ ही कहा कि वह ART स्टेट बोर्ड जयपुर में और सेरोगैसी एक्ट 2021, जयपुर में भी सेंटर को निरस्त करने के लिए अप्लाई कर रहे हैं। जिसमें करीब 8 से 10 दिन तक का समय लगेगा। तब तक किसी अन्य व्यक्ति को हमारे सेंटर में नहीं जाने दिया जाए। इस बारे में उन्होंने उसी रात को कोतवाली थाने में भी बात की।

**किसी तरह की प्रॉब्लम नहीं, सेंटर एकदम सुचारू चल रहा**

कुछ दिनों बाद पता चला कि डॉ.कमल अग्रवाल ने रिचा शर्मा, सुशील शर्मा, गजेंद्र सिंह चौहान, डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. इफरा को सेंटर पर कब्जा करवा दिया। जब स्वास्थ्य भवन जयपुर से उपाध्यक्ष, ART एक्ट 2021 के द्वारा कॉल करके डॉ. कमल अग्रवाल से आईवीएफ सेंटर के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि यहां किसी तरह की प्रॉब्लम नहीं है और सेंटर एकदम सुचारू चल रहा है।

**डॉ. विक्रम सिंह और डॉ. सुमन को पत्र जारी**

6 अक्टूबर को उपाध्यक्ष, ART एवं सेरोगैसी एक्ट से डॉ. विक्रम सिंह और डॉ. सुमन को पत्र जारी किया गया। जिसमें इन दोनों को सेंटर की अथॉरिटी दी गई।

जब इस बारे में उन्होंने पीएमओ डॉ. कमल अग्रवाल से बातचीत की और बताया कि सेंटर में रखे गए सामान को सुरक्षित करने के लिए और सेंटर में डिस्प्ले किए गए मूल प्रमाण पत्र को प्राप्त करके जयपुर में जमा करने की अथॉरिटी दी गई है। लेकिन पीएमओ डॉ. कमल अग्रवाल ने किसी भी तरह का सहयोग करने के लिए मौखिक रूप से मना कर दिया और लिखित में भी कुछ देने से इनकार किया।

**कोतवाली थाने में दी गई शिकायत**

इसके बाद जब सेंटर में प्रवेश करने के लिए डॉ. विक्रम और डॉ. सुमन ने पुलिस से सहयोग मांगा तो उन्होंने भी दो दिन तक टालमटोल की और कोई सहयोग नहीं किया। ऐसे में रविवार को कोतवाली पुलिस थाने में शिकायत दी।

इसके बाद डॉ. विक्रम और डॉ. सुमन सेंटर पर गए। तब उन्होंने देखा कि सेंटर से मशीनरी सहित करीब डेढ़ करोड़ का सामान गायब मिला। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच चांदपोल चौकी प्रभारी ए एस आई तूफान सिंह कर रहे हैं।

#### यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा आए सीकर, शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर की दी जानकारी

# यूडीएच मंत्री बोले- अंता विधानसभा उपचुनाव में भाजपा एक-दो दिन में करेगी उम्मीदवार की घोषणा

**प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी कसा तंज, दीपावली पर आमजन से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की की अपील**

सच्चा नंद थदानी

**सीकर(खबरों की दुनिया)।** राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा एक दिवसीय दौरे पर सीकर आए। मंत्री खर्रा ने सर्किट हाउस में सरकार की ओर से चलाए गए शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर की जानकारी साझा करते हुए अंता विधानसभा उपचुनाव में जल्द ही भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा होने और केंद्र व राज्य सरकार के जन्म उपयोगी कार्यों के बल पर उपचुनाव जीतने का दावा किया। मंत्री खर्रा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और वर्तमान सरकार के 20 महीने के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि पहले कानून व्यवस्था बद से बदतर थी जिसमें अब काफी सुधार हुआ है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आगामी दीपावली के पर्व को देखते हुए आमजन से भी स्वदेशी अपनाते हुए लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की अपील की।



मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मीडिया से रूबरू होते हुए शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2025 तक शहरी क्षेत्र के आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए भी ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 2 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सहकारी सेवा शिविर भी लगाए जा। रहे हैं। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा पहली बार सेवा शिविर के माध्यम से आमजन से उनकी निकाय से संबंधित सभी समस्याओं का ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहा है। वहीं अगर किसी परिवार का कोई भी सदस्य साक्षर नहीं है तो वह सरकार की ओर से लगाए गए सेवा शिविर में आकर संबंधित अधिकारी को अपनी समस्या बताए, जिस पर संबंधित अधिकारी अपने स्तर पर उस समस्या के समाधान के लिए ऑनलाइन आवेदन जिम्मेदारी पूर्वक करेगा। मंत्री खर्रा ने कहा है कि जो भी इस अवधि में आवेदन ऑनलाइन आएंगे उनका नीमानुसार जांच करके निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों को भी शिविर की समाधि के अंदर ही आमजन की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा पर्व को देखते हुए सरकारी अवकाश होने के कारण सेवा शिविर के बाद भी बचे हुए ऑनलाइन आवेदनों का एक समय सीमा निश्चित कर संबंधित नगर निकाय के संबंधित अधिकारी द्वारा निस्तारण किया जाएगा।

प्रदेश के बारां जिले के अंता में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की घोषणा को लेकर यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा बोले प्रत्याशी की घोषणा को लेकर पार्टी में मंथन चल रहा है। उन्होंने कहा कि कल से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू होने वाली है, ऐसे में एक-दो दिन में भारतीय जनता पार्टी भी अपने उम्मीदवार का ऐलान कर देगी। मंत्री खर्रा ने कहा कि भाजपा अंता उपचुनाव जीतने के उद्देश्य से मैदान में उतरेगी। भारतीय जनता पार्टी को पूरा विश्वास है कि पिछले 20 महीना में राज्य में सरकार द्वारा जनकल्याण व विकास के कार्य जो किए गए हैं और केंद्र सरकार के स्तर पर पिछले 11 वर्षों में देश की उन्नति और प्रगति के काम किए गए हैं उसके आधार पर जनता उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को निश्चित रूप से विजयश्री दिलाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओ और पार्टी को पूर्ण विश्वास है।

प्रदेश में बढ़ते आपराधिक मामलों पर बोलते हुए मंत्री खर्रा ने कहा कि 2018 से 2023 तक जिस तरह से प्रदेश में कानून व्यवस्था की जो स्थित बद से बदतर थी उसमें पिछले 20 महीने से निश्चित रूप से सुधार हुआ है। एनसीआरबी ने जो पिछले दिनों आंकड़े जारी किए हैं वह इस बात को साबित भी करते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सोमवार को सीकर जिले के रानोली थाने के परिवादियों से एक कार्यक्रम के तहत चर्चा करने के सवाल पर कहा कि अमित शाह नए कानून को लेकर पुलिस अधिकारियों और आमजन को जानकारी देने के लिए चर्चा करेंगे। इसके साथी जिला कलेक्टर में जिला पुलिस अधीक्षक से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कानून व्यवस्था की स्थिति और नए कानून को लेकर चर्चा करेंगे।

मंत्री खर्रा ने देश व प्रदेशवासियों को आगामी दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आमजन से उम्मीद करते हुए कहा कि वह लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ेंगे। यूडीएच मंत्री ने आमजन से स्वदेशी को अधिक से अधिक अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाकर भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूतकरने और स्थानीय कारीगरों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का काम करे। भारतीय जनता पार्टी और राज्य सरकार आमजन से इस बारे में अनुरोध भी करती है। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद सरकार की ओर से चलाई जा रहे अभियानों की नए सिरे से समीक्षा करने के बाद इसको और बेहतर बनाने व आमजन की समस्याओं का समाधान करने पर विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, वरिष्ठ भाजपा नेता तेज प्रकाश सैनी, डॉ बीएल रणवा, नेमीचंद कुमावत, राजेश रोलन, वीरेंद्र सिंह दीपपुरा, त्रिभुवन सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाल्मीकि जयंती पर साहित्य परिषद सीकर द्वारा 'चर्चा-परिचर्चा' कार्यक्रम का आयोजन

खबरों की दुनिया

**सीकर।** साहित्य परिषद, सीकर के तत्वावधान में वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में विगत 7 अक्टूबर से जिलेभर में विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को परिषद की सीकर इकाई द्वारा 'वाल्मीकि जयंती विशेष चर्चा-परिचर्चा' कार्यक्रम का आयोजन वाल्मीकि धर्मशाला, महर्षि वाल्मीकि नगर, फतेहपुर रोड, सीकर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के अशोक कुमार, सुरेश कुमार, मुरारी लाल, कांता प्रसाद, मूलचंद, बद्री प्रसाद, बुद्धाराम, रामधन, हरीराम सहित अनेक कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




मुख्य वक्ता साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) सज्जन सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन, साहित्यिक योगदान और सामाजिक चेतना में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'महर्षि वाल्मीकि केवल रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि समानता, शिक्षा और मानवता के आदर्शों के प्रवर्तक थे, जिनका चिंतन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।'

कार्यक्रम में डॉ. चंद्र प्रकाश महर्षि (जिला साक्षरता अधिकारी एवं सीकर इकाई संयोजक), पवन कुमार शर्मा, डॉ. अशोक, बजरंग सिंह, हेमेंद्र खींचड़, नरेश कुमार, प्रभु सैनी, बलवीर सिंह सहित साहित्य परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सीताराम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सज्जन सिंह द्वारा किया गया।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र नंबर 2 के चिकित्सा प्रभारी का सादगी से मनाया जन्मदिन



### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ व इलाके के लोगों ने दी बधाई

खबरों की दुनिया

**सीकर।** शहरी स्वास्थ्य केंद्र नंबर दो के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर श्रवण कुमार शर्मा का सादगी पूर्ण जन्मदिन मनाया गया। स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ और इलाके के लोगों ने चिकित्सा प्रभारी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा प्रभारी को स्टाफ ने गुलदस्ता एवं माल्यार्पण कर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इलाके के वरिष्ठ नागरिक भवानी शंकर बिलखिवाल कुए वाले बालाजी के महंत गोपाल सिंह पवार सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी प्रदीप माथुर एडवोकेट जीएम मुगल व कांग्रेस नेता आनंद सिंह कच्छावा ने चिकित्सा अधिकारी शर्मा के कुशल कार्यकाल और मिलनसार व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ हंसिका तिवारी नर्सिंग ऑफिसर कौशल्या मीणा सुलोचना खटनावलिया दीपा शर्मा मंजू वर्मा पूजा शर्मा फार्मासिस्ट वसीम खान डीईओ वासुदेव कुमावत व विनोद कुमार सहित अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित होने पर डागरा सरकारी स्कूल की छात्रा नीलम का किया स्वागत

खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** 69वीं राज्य स्तरीय 17 वर्षीय सॉफ्टबाल खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा नीलम सुपुत्री बनवारी लाल का राज्य स्तर पर चयन होने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रा नीलम के साथ ही उसके माता-पिता एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक दिवाकर का भी विशेष सम्मान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य भागीरथ मल फगेडिया, पूर्व प्रधानाचार्य रामचंद्र झुरिया, एसएमसी अध्यक्ष मोहनलाल शिवरान, एसडीएमसी सदस्य हरिराम, हरफूल शिवरान, लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ के प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, ईमित्र प्रभारी नासिर तगाला विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



#### लाडो प्रोत्साहन योजना के लंबित भुगतान दीपावली से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा व सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने दिए निर्देश

### स्वच्छता, मातृत्व सुरक्षा एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

खबरों की दुनिया

**सीकर।** चिकित्सा विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भावना शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम की समीक्षा की गई।



जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने संस्थान वॉर प्रसव, ब्लाक वॉर टीकाकरण, एएनसी पंजीकरण, एएनसी जांच, पीएमएसएमए दिवस की उपलब्धियो जानकारी देते हुए कम उपलब्धि वाले बीसीएमओ को स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को आयोजित होने वाले मातृत्व स्वास्थ्य दिवस को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के तहत चिकित्सा संस्थानों में उत्पन्न कचरे के उचित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीएचसी एवं पीएचसी स्तर पर कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। कचरा उठाने वाली एजेंसी की गाड़ियों का सत्यापन कर नियमित निगरानी रखने एवं कचरा नहीं उठाने पर संबंधित प्रभारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनुबंधित एजेंसी द्वारा नियमित रूप से गाड़ियां भेजे जाने की सुनिश्चितता पर बल दिया गया।

सीएमएचओ डॉ महरिया ने लाडो प्रोत्साहन योजना की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी लंबित भुगतान दीपावली से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीसीएमओ, डीएच, एसडीएच एवं पीएचसी स्तर से लाडो योजना के लाभार्थियों के भुगतान की स्थिति, बैंक खाता विवरण एवं बकाया प्रकरणों की अद्यतन रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर शीघ्र प्रेषित की जाए। समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

बैठक में मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया की रोकथाम हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। मरुधर पोर्टल पर एन्ट्री, एक्टिविटी स्टेटस एवं स्लाइड अपलोड करने के निर्देश दिए गए ताकि निगरानी और रिपोर्टिंग कार्य समयबद्ध रूप से संपादित हो सके।

एडिशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्लॉकवार नसबंदी (स्टरलाइजेशन) उपलब्धी की जानकारी दी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना एवं ई-आयुष पोर्टल पर दवाइयों की उपलब्धता की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतन लाल ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

### खाटूश्यामजी के कबूतर चौक से बाइक चोरी

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीकर के खाटूश्यामजी कस्बे में कबूतर चौक से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। युवक बाइक लेकर जयपुर से दर्शन करने केलिए आया था। उसने अपनी बाइक को कबूतर चौक में खड़ा किया। इसके बाद वह दर्शन करने के लिए चला गया। वापस लौटा तो उसे बाइक नहीं मिली। अब पुलिस एक संदिग्ध की तलाश कर रही है। इस संबंध में जयपुर के जयसिंहपुरा खोर एरिया के रहने वाले 19 साल के युवक दीपक कुमार सैनी ने खाटूश्यामजी पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी स्प्लेंडर बाइक लेकर रात के समय जयपुर से निकला था। 12 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे उसने अपनी बाइक को कबूतर चौक में खड़ा किया। इसके बाद वह दर्शन करने के लिए मंदिर की तरफ चला गया। 4 बजे के बाद जब वापस लौटा तो उसे बाइक नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक को ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## राष्ट्रनायक-स्मृति दिवस पुस्तक पर चर्चा डॉ. जेके गर्ग ने अपने लेखन में सजग नागरिक का दायित्व निभाया : डॉ. अग्रवाल




खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** आजकल लोगों का पढ़ना बहुत कम हो गया है। अधिकांश लोग केवल उतना ही पढ़ते हैं जितना वॉट्सएप उन्हें सुलभ कराता है। बुरी बात यह है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रामाणिक ज्ञान और सूचनाओं को अप्रामाणिक और दुर्भावनापूर्ण कूट रचित सामग्री ने पूरी तरह विस्थापित कर दिया है।राजनीतिक दलों के वेतन भोगी कार्मिक दिन-रात सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली सामग्री रचते और प्रसारित करते रहते हैं। ऐसे ज्ञान विरोधी विकट समय में प्रो. जेके गर्ग सतत लेखनरत रहकर एक सजग और ज़िम्मेदार नागरिक का दायित्व निबाह रहे हैं। सुपरिचित आलोचक, अनुवादक और स्तंभकार डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने ये बात कॉलेज शिक्षा के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. जेके गर्ग की सद्य प्रकाशित पुस्तक 'राष्ट्र नायक - स्मृति दिवस' का लोकार्पण करते हुए कही। उन्होने कहा कि जब हमारी नई पीढ़ी महापुरुषों के जीवन और उनके अवदान को भूलती जा रही है, तब प्रामाणिक और आवश्यक जानकारियां सुलभ कराने का प्रशंसनीय काम किया गया है। लेखक ने संविधान, गणतंत्र और राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण और प्रामाणिक जानकारी दी है। पुस्तक के लेखक डॉ. जेके गर्ग ने कहाकि उनमें बचपन से ही देश प्रेम की प्रबल भावना रही और विज्ञान के शिक्षक होने के बावजूद वे सदा ही राष्ट्रपिता बापू और पण्डित नेहरु के विचारों से प्रेरित रहे ।

सहकारिता मंत्री ने किया 'सहकार दीपोत्सव मेला-2025' का विधिवत शुभारम्भ

# जयपुर में 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित हो रहा मेला, उचित दरों पर ग्रीन पटाखे एवं त्योहारी सामग्री उपलब्ध

खबरों की दुनिया





**जयपुर ।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सोमवार को जयपुर के भवानी सिंह रोड़ स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा आयोजित किए जा रहे 'सहकार दीपोत्सव मेला-2025' का गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ किया। यह मेला 19 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आमजन के लिए गुणवत्तापूर्ण ग्रीन पटाखे एवं अन्य त्योहारी सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध करवाई गई है।

दक ने इस अवसर पर कहा कि सहकारिता गुणवत्ता का प्रतीक है। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिवर्ष कॉनफेड द्वारा सहकार दीपोत्सव मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता संघ की अपनी एक विशेष पहचान है और लोग इस पर भरोसा करते हैं। सहकारिता विभाग 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में कार्य करता है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर हमारा खास फोकस रहता है। उन्होंने बताया कि मेले में एमएमटीसी के चांदी के सिक्के भी उचित मूल्य पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। मेले के प्रति लोगों का रिस्पॉन्स देखते हुए उम्मीद है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक बिक्री होगी।

सहकारिता मंत्री ने मेले में लगी सभी स्टॉल्स का अवलोकन कर बिक्री के लिए लाये गए उत्पादों तथा उन पर दी जा रही छूट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और मेले में सुरक्षा एवं अग्निशमन संबंधी आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मेले का मुख्य आकर्षण शिवकाशी (तमिलनाडु) के ग्रीन पटाखे हैं, जिन पर 55 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। मेले में डिमांड के अनुरूप पटाखों की उपलबधता सुनिश्चित की जा रही है। सहकार दीपोत्सव मेले में जयपुरवासियों के लिए खुले व गिफ्ट पैक में ग्रीन पटाखे, बर्तन, सजावटी फ्लॉवर, डिजाइनदार कैंडल्स, बेडशीट्स के साथ ही पूजन सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अतिरिक्त, सूखे मेवे के उपहार पैक, नमकीन, परिधान और हाउस होल्ड सामान भी उपलब्ध है। साथ ही, मिलेट उत्पादों का आउटलेट भी दीपोत्सव मेले में लगाया गया है।

इस अवसर पर विधायक हमीर सिंह भायल, सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल, कॉनफेड की प्रबंध निदेशक शिल्पी पांडे सहित सहकारिता विभाग व उपभोक्ता संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टाईम बैंक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को जयपुर भ्रमण कराया गया

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने बस को हरी झंडी दिखाई




खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** टाईम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैंक से जुड़े 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को निशुल्क जयपुर भ्रमण कराया गया । 35 ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को डबल डेकर बस द्वारा जयपुर के पर्यटन स्थलो की सैर कराई गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बिरला मंदिर से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टाईम बैंक ऑफ इंडिया देश में एक अनूठा विचार लेकर आया है जहां एकाकी बुजुर्गों को निशुल्क रूप से मानवीय सहायता प्रदान कर उनकी देखभाल की जाती है। सेवा के समय की बैंक की पासबुक में घंटों के रूप में प्रविष्टि भी की जाती है । सदस्य इस जमा समय का उपयोग भविष्य में कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि उनका विभाग वरिष्ठ नागरिकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है । इस अवसर पर श्री गहलोत ने कुछ अति वरिष्ठ नागरिकों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद भी लिया।

गहलोत ने बुजुर्गों की सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर टाईम बैंक ऑफ इंडिया को प्राप्त पुरस्कार के लिए बधाई दी । बस में भ्रमणार्थियों की सहायता के लिए बैंक के युवा सदस्य आकाश शर्मा, पूजा शर्मा एवं अंजू पीयूष साथ रहे। निशुल्क सैर के साथ दिन में सामूहिक भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## एसएमएस अस्पताल के सर्जरी विभाग का एक अनूठा कारनामा वीएटीएस दूरबीन पद्धति के द्वारा मरीज की ग्रास नत्री (आहारनली) से निगली हुई एचएमटी घड़ी निकाली गई

खबरो की दुनिया





**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल के सर्जरी विभाग का एक अनूठा कारनामा सोमवार को सामने आया VATS दूरबीन पद्धति के द्वारा मरीज की ग्रास नली आहारनली से निगली हुई एचएमटी घड़ी निकाली गई। जनरल सर्जरी यूनिट 4 के डॉ. शालू गुप्ता व डॉ. फारूख खान ने बताया कि नागौर निवासी, 34 वर्षीय सुभाष पिछले 1.5 महीने से मानसिक बिमारी से ग्रसित था जिसके चलते मरीज ने नुकीले व लौहे की वस्तुएं खाना शुरू कर दिया था। जिसके बाद मरीज को पिछले कुछ दिनों से पेट दर्द व उल्टियाँ हो रही थी। जिसके कारण मरीज एसएमएस अस्पताल में सर्जरी ओपीडी में दिखाने आया, तथा जांचो में पता चला कि मरीज की आहार नली में लोहे की घड़ी तथा बड़ी आंत में धातु नट बोल्ट लोहे की कीले फंसे होने की पुष्टि हुई। मरीज का एन्डोस्कोपी द्वारा इन वस्तुओं को निकालने की दो बार कोशिशें की गई परन्तु निकालने में असमर्थ रहे। इसके पश्चात मरीज का आपरेशन दूरबीन द्वारा बिने बड़े चीरे के आपरेशन द्वारा घड़ी को निकाला गया तथा बड़ी आंत में फंसे नट बोल्ट, कीले इत्यादि को पेट पर चीरा लगाकर निकाला गया।

संम्पूर्ण आपरेशन में 3 घण्टे लगे। आपरेशन में शामिल सर्जरी टीम में डॉ.शालू गुप्ता, डॉ. फारुख खान, डॉ.अमित गोयल, डॉ. देवेंद्र सैनी डॉ. नवेंद्र अग्रवाल डॉ. प्रवीन जोशी डॉ. बस्वराम, डॉ. अनुष्का, डॉ. ममूर, डॉ. रक्षा, डॉ. होमा नसीम रहे। डॉ. प्रभा ओम ( एचओडी सर्जरी विभाग ने समस्त टीम को बधाई दी। तथा एनस्थिनियाँ टीम में डॉ. कन्चन, डॉ. सुनिल चौहान, डॉ. इन्तु, डॉ. प्रतिमा का योगदान रहा तथा नर्सिंग स्टाफ में दीपा पुनियाँ व राकेश सामोता का योगदान रखा तथा टेक्निशियन शैलेन्द्र व वार्ड वॉय श्याम का योगदान रहा।

## डॉ. प्रेमचंद बैरवा से पीताम्बर फाउंडेशन के पदाधिकारियों की मुलाकात, समाज के विकास और जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से पीताम्बर फाउंडेशन के पदाधिकारियों की मुलाकात बहुत ही महत्वपूर्ण और सार्थक रही। इस बैठक में समाज के विकास और जनसेवा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण को समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया गया।

डॉ. बैरवा ने संगठित होकर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि समाज और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस बैठक में समाज की प्रगति हेतु शिक्षा के प्रसार और महिलाओं को अधिक अवसर देने पर विशेष फोकस किया गया, जो कि समाज के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस बैठक के कुछ मुख्य बिंदुः शिक्षा के प्रसार और महिलाओं को अधिक अवसर देने पर विशेष फोकस, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण को समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया गया, संगठित होकर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना, पोर्टल का शुभारम्भ

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना में विद्युत उपभोक्ताओं के पंजीयन के लिए विकसित पोर्टल का सोमवार को जेईसीसी में आयोजित कार्यक्रम में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। राजस्थान डिस्कॉम्स ने यह पोर्टल विकसित किया है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनूठी पहल है। वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ लीवरेज करते हुए 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना की महत्वपूर्ण घोषणा की थी।

## आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में 17 अक्टूबर को चौमूँ पहुचेंगे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव



खबरों की दुनिया

**चौमूँ।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर जिला देहात उत्तर द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत कार्यकर्ता का आयोजन शुक्रवार दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को चौमूँ में मोरीजा रोड स्थित प्रेम पैलेस गार्डन में सायं 3 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव होंगे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिमेदारिया सौंपी गई है और स्वदेशी वस्तुओं के जन जागरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## सबरंग 2025 संपन्न, विजेताओं को पुरस्कार वितरित

खबरों की दुनिया



**जयपुर।** जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (जेकेएलयू) में तीन दिवसीय विश्वविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव, जेके टायर सबरंग-25, एक समापन समारोह के साथ शानदार ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें रचनात्मकता, प्रतिभा और टीम वर्क का जश्न मनाया गया और रूपये 2.5 लाख के पुरस्कार वितरित किए गए। शाम की शुरुआत गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई जिसने एक शानदार शाम के लिए माहौल तैयार कर दिया। सबसे पहले, छात्र मामलों के प्रभारी दीपक सोगानी ने एक प्रेरक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने टीम के समर्पण की प्रशंसा की और दीया गर्ग के उत्कृष्ट नेतृत्व की सराहना की। उनके बाद जेकेएलयू के रजिस्ट्रार और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) केके माहेश्वरी ने पूरे उत्सव के दौरान छात्रों के अविश्वसनीय उत्साह और शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उत्सव में जयेश शर्मा और अमन लाइव सहित कई उच्च प्रोफ़ाइल प्रदर्शन हुए और तीसरे दिन गायक नवजोत आहूजा ने एक शानदार समापन प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उत्साह वास्तव में चरम पर था। जब गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न प्रमुख और गैर-प्रमुख कार्यक्रमों के विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए, तो जयकार और तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंज उठा। यह सभी शीर्ष कलाकारों के लिए सुर्खियों में आने का एक सुयोग्य क्षण था। फिर ध्यान उन लोगों पर गया जिन्होंने इसे संभव बनाया टीम सबरंग। इस आयोजन में पहली बार, प्रत्येक आयोजन टीम के सदस्य को उनके संयुक्त प्रयास को आधिकारिक रूप से मान्यता देने के लिए प्रशंसा का प्रमाण पत्र मिला। अनुष्का पाठक, छात्र मामले कार्यकारी, ने भी सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह का समापन अंतिम धन्यवाद के साथ हुआ, जिससे यह पुष्टि हुई कि जेके टायर सबरंग 25 एक बड़ी सफलता थी ।

## देवनानी ने दिया विधानसभा कर्मियों को दिवाली का तोहफा

अधिकारी व कर्मचारियों ने देवनानी का आभार व्यक्त किया

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा सचिवालय के 22 अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नत कर उन्हें दिवाली का सुनहरा तोहफा दिया है। देवनानी ने पदोन्नत अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा सचिवालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी संस्था की कार्यकुशलता और गरिमा के आधार स्तंभ हैं। उनकी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण भावना के साथ कार्य कर रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारियों के साथ सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक ऊर्जा व प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय एक परिवार की तरह कार्य करता है और प्रत्येक कर्मचारी का योगदान विधानसभा की सुचारु कार्यप्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। राजस्थान विधान सभा में दो वरिष्ठ उप सचिव, दो उप सचिव, पांच सहायक सचिव, चार अनुभाग अधिकारी, चार सहायक अनुभाग अधिकारी, एक मुख्य सम्पादक, एक सम्पादक, दो सहायक सम्पादक और एक अधिकारी को अतिरिक्त मार्शल पर पदोन्नत किया गया है। अधिकारी व कर्मचारियों ने अध्यक्ष देवनानी का आभार व्यक्त किया।

# अपेक्स यूनिवर्सिटी में मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय कार्यशाला–'मन पर विजय, जीवन में संतुलन'

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** अपेक्स यूनिवर्सिटी के मानविकी एवं कला संकाय द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह' के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष कार्यशाला का विषय 'मन पर नियंत्रण व्यावहारिक मानसिक स्वास्थ्य समाधान' निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें नाट्य प्रस्तुति (साइकोड्रामा), प्रदर्शनी एवं मनोवैज्ञानिक खेल, कला-चिकित्सा सत्र, विशेषज्ञ मार्गदर्शन में मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र प्रमुख हैं।


इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव को समझना तथा सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।


आयोजन में कुलपति प्रो सोमदेव शतांशु विश्वविद्यालय सलाहकार प्रो ओ पी छंगानी कुल सचिव पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

कुलपति सोमदेव शतांशु ने भारतीय संस्कृति को अपनाकर मानसिक तनाव से मुक्ति पाने की सलाह दी तो प्रो छंगानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को पहचानने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं।









**नाम परिवर्तन**

नवीन कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी सुलखनियां बड़ा तहसील राजगढ़, जिला चुरू (राज.)। यह कि मेरी पुत्र का नाम स्कूल रिकॉर्ड में भुलवंश निशांत दर्ज हो गया। जबकि सही नाम निशांत खिचड़ है। अतः भविष्य में निशांत को निशांत खिचड़ के नाम से जाना पहचाना जावे व स्कूल रिकॉर्ड में सही किया जावे।

**नाम परिवर्तन**

माया सैनी पत्नी तुलसीराम सैनी वार्ड नं.24 पुराना बस स्टैंड झुंझुनूं (राज.)। यह कि मेरे पुत्र यश सैनी के स्कूल रिकॉर्ड में भुलवंश मेरा नाम माया देवी दर्ज हो गया। जबकि सही नाम माया सैनी है। अतः भविष्य में माया देवी को माया सैनी के नाम से जाना पहचाना जावे व स्कूल रिकॉर्ड में सही किया जावे।

# हरित क्रांति की ओरः भारत सौर ऊर्जा में तीसरा सबसे बड़ा देश



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत है और यह ऊर्जा का एक प्राकृतिक स्त्रोत भी है। सच तो यह है कि सौर ऊर्जा (अक्षय ऊर्जा) सूर्य से प्राप्त होने वाली प्राकृतिक, तथा जिसका कभी क्षय नहीं होता और असीम ऊर्जा है। यह ऊर्जा न केवल हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी के ही अनुकूल है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने का सबसे विश्वसनीय साधन भी है। पाठक जानते होंगे कि अक्षय ऊर्जा (रिनिवेबल एनर्जी) वे ऊर्जा स्रोत हैं, जो हमें प्रकृति से निरंतर रूप से प्राप्त होते हैं और कभी भी समाप्त नहीं होते हैं। इन्हें बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि ये प्राकृतिक रूप से पुनः उत्पन्न हो जाती हैं। पवन ऊर्जा, जल विद्युत ऊर्जा, बायोमास ऊर्जा (पेड़-पौधों के अवशेष, पशु अपशिष्ट या कृषि कचरे से प्राप्त ऊर्जा), भू-तापीय ऊर्जा (जियोथर्मल एनर्जी), तथा ज्वारीय ऊर्जा, ये सब के सब अक्षय ऊर्जा के प्रकार हैं, तथा सौर ऊर्जा के साथ ये सभी ऊर्जा स्रोत पर्यावरण के लिए स्वच्छ, टिकाऊ और प्रदूषण-मुक्त हैं। भौगोलिक दृष्टि से भारत दक्षिण एशिया या यूं कहें कि भारत मुख्यतः उत्तरी उष्णकटिबंधीय (ट्रोपिकल) कटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है। यही कारण है कि हमारे देश में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार देश में औसतन 300 से अधिक दिन सूर्य की रोशनी रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर सौर बिजली उत्पादन संभव है।भारत में सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई सौर योजनाएं (सोलर स्कीम्स) चलाई जा रही हैं। इनका उद्देश्य अक्षय ऊर्जा को प्रोत्साहन देना, बिजली की कमी को दूर करना और प्रदूषण कम करना है। पाठकों को बताता चलूं कि पिछले कुछ समय से सरकार ने 'राष्ट्रीय सौर मिशन' (2010) और 'कुसुम योजना' (2019), सौर छत योजना (ग्रिड कनेक्टेड रूफटोप सोलर स्कीम), सोलर पार्क योजना,सौर स्ट्रीट लाइट योजना, देशभर में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन को आसान बनाने के लिए 'सरल पोर्टल' जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से किसानों और आम नागरिकों को सौर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। आज सौर ऊर्जा से न केवल घरों और उद्योगों को बिजली मिल रही है, बल्कि गांवों में सिंचाई और रोशनी की व्यवस्था भी हो रही है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढ़ाने के लिए भारत की पहल पर 2015 में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन(इंटरनेशनल सोलर एलायंस) यानी कि आईएस का भी गठन किया गया है। बहरहाल, यह हम सभी को गौरवान्वित महसूस कराता है कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है और हमारे देश की यह उपलब्धि भारत की अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ती प्रगति का प्रतीक है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह हमारे देश की ऊर्जा नीतियों, तकनीकी प्रगति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज हम नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर हैं। आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता लगभग 82 गीगावॉट (GW) से भी कहीं ज्यादा तक पहुँच चुकी है, जबकि 2014 में यह केवल 2.6 गीगावॉट थी। अन्य आंकड़े भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 125 गीगावाट तक बताते हैं। इस तेज़ वृद्धि के साथ भारत अब चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है। दरअसल, सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक कुल विद्युत उत्पादन का 50 प्रतिशत हिस्सा अक्षय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त किया जाए। राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी हैं।भारत की यह उपलब्धि न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन से निपटने की वैश्विक प्रतिबद्धता को भी मजबूत बनाती है। यह उपलब्धि ऐसे दौर में हासिल हुई है जब दुनियाभर में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे कुल ऊर्जा में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी भी बढ़कर 8.8 फीसदी पहुंच गई है, वास्तव में यह हमारे देश के बहुत ही अच्छी बात है। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में यह जानकारी दे चुका हूं कि सौर ऊर्जा, ऊर्जा का अक्षय स्रोत है। यह अनंत और कभी न खत्म होने वाली ऊर्जा है तथा यह हमारे पर्यावरण, हमारी पारिस्थितिकी के अनुकूल है, जैसा कि यह प्रदूषण नहीं फैलाती है और कार्बन उत्सर्जन को भी काफी हद तक घटाती है। इतना ही नहीं, यह बिजली बिल में भी बचत करती है। दरअसल, सोलर पैनल से घर या उद्योग में बिजली खर्च कम होता है। सोलर सिस्टम की रखरखाव लागत भी काफी कम होती है। सोलर एनर्जी का एक बड़ा फायदा यह भी है कि इससे देश को विदेशी ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है और देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। इतना ही नहीं, सोलर एनर्जी दूरदराज़ इलाकों में बिजली पहुंचाने का सस्ता और सरल तरीका है तथा इससे ग्रामीण विकास में मदद मिलती है।सोलर एनर्जी से जहां एक ओर रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, वहीं दूसरी ओर बंजर ज़मीन पर सोलर प्लांट लगाकर उसे उपयोगी बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं, सोलर एनर्जी में दीर्घकालिक निवेश (लोंग टाइम इन्वेस्टमेंट)लाभ भी मिलता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सोलर एनर्जी में एक बार निवेश करने के बाद वर्षों तक मुफ्त बिजली मिलती है। और तो और सोलर एनर्जी ग्रीनहाउस गैसों को कम करके पृथ्वी के तापमान को भी नियंत्रित करने में मदद करती है। हालांकि, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभी भी हमारे देश को ग्रिड स्थिरता, भंडारण एकीकरण और वित्तीय व्यवहार्यता में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है कि वर्ष 2018 की सौर ऊर्जा क्षमता 21.6 गीगावाट से बढ़कर जून 2023 तक 70.10 गीगावाट हो गई और भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 280 गीगावाट सौर क्षमता प्राप्त करना है, जो उसके 500 गीगावाट नवीकरणीय लक्ष्य का आधार होगा। कितनी अच्छी बात है कि गत जनवरी से जून के बीच ही सौर ऊर्जा में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत ज्यादा हुई है। आज कार्बन उत्सर्जन एक बहुत बड़ी समस्या बनती चली जा रही है। ऐसे में कार्बन उत्सर्जन के संकट पर काबू पाने के लिए दुनियाभर में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा पर जोर दिया जा रहा है, और इस दिशा में हमारे देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। गौरतलब है कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सदैव नायाब पहलें करता रहा है और केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए विभिन्न अभियानों ने इन प्रयासों को गति दी है, लेकिन इन तमाम प्रयासों के बावजूद देश की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता में करीब-करीब आधी क्षमता की कोयला और गैस आधारित विद्युत परियोजनाएं हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कोयला और गैस आधारित परियोजनाएँ कार्बन उत्सर्जन का मुख्य स्रोत हैं।इनसे भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) व अन्य ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग में इनका योगदान अत्यधिक होता है। वास्तव में, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर भी इनके नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा(सौर ऊर्जा) की ओर संक्रमण इन्हें कम करने का समाधान है। हालांकि, आज भी सौर ऊर्जा क्षेत्र में अनेक चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन, सौर पैनलों की उच्च प्रारंभिक लागत निवेशकों के लिए बाधा बनती है।मौसम और जलवायु पर निर्भरता उत्पादन को अस्थिर बना देती है।पर्याप्त भूमि की कमी, खासकर शहरी क्षेत्रों में, विस्तार में रुकावट डालती है।सौर पैनलों का जीवनकाल और कार्यक्षमता धीरे-धीरे घटती है।ऊर्जा भंडारण (बैटरी) की लागत और क्षमता सीमित है। ग्रिड से कनेक्टिविटी और तकनीकी इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी समस्या पैदा करती है। उत्पादन और अपशिष्ट प्रबंधन में पर्यावरणीय चुनौतियां होती हैं। इतना ही नहीं, नीति और वित्तीय प्रोत्साहनों में असंगति निवेश को प्रभावित करती है। इन सभी के बीच आज जरूरत इस बात की है कि आवासीय प्रयोजन से सौर ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया जाए तथा घरों में रूफटॉप सोलर का अपेक्षा के अनुरूप विस्तार पर बल दिया जाए। सौलर ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त सब्सिडी, मरम्मत कार्य, तकनीक आदि पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। बहरहाल, एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में प्रकाशित संपादकीय के अनुसार 'वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एंबर की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 2025 की पहली छमाही में सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसी का नतीजा है कि बिजली क्षेत्र से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में 24 मिलियन टन की कमी दर्ज की गई है।' अंत में, यही कहूंगा कि भारत में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व को नया रास्ता दिखाने की अपार क्षमता है। इस क्षेत्र में जिस तेजी से हमारा देश काम कर रहा है, उसमें उम्मीद की जा सकती है कि भारत भविष्य में सौर ऊर्जा में अग्रणी बनकर उभरेगा। सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह प्रदूषण नहीं फैलाती, कोयला और पेट्रोलियम जैसे सीमित संसाधनों पर निर्भरता घटाती है और पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखती है। यदि हर घर और संस्था सौर ऊर्जा को अपनाए, तो भारत न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है बल्कि 'ग्रीन एनर्जी' के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी भी बन सकता है। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि सौर ऊर्जा आज की नहीं, आने वाली पीढ़ियों की जरूरत है। यह स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा का सर्वोत्तम स्रोत है, जो पृथ्वी को सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

## जागरूकता और सुरक्षाः क्यों हैं मानक हमारे जीवन के प्रहरी

# मानकों के बिना जीवनः अव्यवस्था, जोखिम और असुरक्षा की तस्वीर



प्रो. आरके जैन
लेखक

विश्व मानक दिवस, जो हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, हमारे जीवन में व्यवस्था, सुरक्षा और विश्वास की नींव को रेखांकित करता है। यह महज़ एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उन अदृश्य मानकों का सम्मान है जो आधुनिक समाज को एकजुट और समृद्ध बनाते हैं। मानक वे मज़बूत धागे हैं जो उद्योग, व्यापार, उपभोक्ता और पर्यावरण को एक सामंजस्यपूर्ण ढांचे में पिरोते हैं। ये तकनीकी दिशानिर्देशों से कहीं बढ़कर हैं; ये विश्वास, समानता और स्थिरता का आधार हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों के अभाव में हमारा जीवन अव्यवस्था और असुरक्षा के भंवर में खो सकता है। चाहे बात रोज़मर्रा के उपकरणों की हो, स्वास्थ्य सेवाओं की, या पर्यावरण संरक्षण की, मानक हर कदम पर हमारा साथ देते हैं, हमें एक सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, की शुरुआत 1970 में अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसओ) द्वारा मानकों के वैश्विक महत्व को रेखांकित करने के लिए की गई थी। 1947 में स्थापित आईएसओ, आज विश्व स्तर पर मानकों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) जैसे संगठन भी तकनीकी नवाचार, वैश्विक व्यापार, उपभोक्ता सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने वाले मानकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानक न केवल उद्योगों और समाज के लिए एक साझा मापदंड स्थापित करते हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समृद्ध विश्व की नींव भी रखते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस 2025 की थीम 'एक बेहतर विश्व के लिए हमारा साझा दृष्टिकोण' इस बात को रेखांकित करती है कि मानक केवल तकनीकी दिशानिर्देश नहीं, बल्कि एक ऐसी साझा दृष्टि हैं जो हमें नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के माध्यम से एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है।

मानकों का प्रभाव हमारे दैनिक जीवन में सर्वव्यापी है, फिर भी हम इसे अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। सुबह जब आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करते हैं, तो वह चार्जर आईएसओ और आईईसी जैसे वैश्विक मानकों के अनुरूप होता है, जो न केवल आपके डिवाइस की सुरक्षा और कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है, बल्कि आपको जोखिमों से भी बचाता है। इसी तरह, आपके घर की बिजली व्यवस्था, आपके द्वारा उपभोग किया जाने वाला भोजन, या आपके द्वारा संचालित वाहन-सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों की बदौलत सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल हैं। इन मानकों के अभाव में, तकनीकी खराबी से लेकर उपभोक्ताओं की जान को खतरा तक बढ़ सकता है। उदाहरण के लिए, आईएसओ 22000 जैसे खाद्य सुरक्षा मानक यह गारंटी देते हैं कि आपका भोजन न केवल स्वच्छ है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित भी है।

मानकों का महत्व केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है; ये वैश्विक व्यापार, अर्थव्यवस्था और सामाजिक कल्याण के लिए आधारशिला हैं। मानक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सरल और विश्वसनीय बनाते हैं, क्योंकि ये विभिन्न देशों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को एकसमान करते हैं। उदाहरणस्वरूप, आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन मानक विश्व भर में लाखों संगठनों द्वारा अपनाया गया है, जो उनके उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वसनीय बनाता है। इसी तरह, आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन मानक कंपनियों को पर्यावरणीय प्रभाव कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। ये मानक न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं और निवेशकों के बीच संगठनों की साख को भी मजबूत करते हैं। मानकों के अभाव में, वैश्विक व्यापार में अविश्वास और अराजकता फैल सकती है, जो आर्थिक प्रगति को ठप कर सकती है।

डिजिटल युग में मानकों की प्रासंगिकता और भी गहन हो गई है। साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों में मानक पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, आईएसओ/आईईसी 27001 सूचना सुरक्षा मानक संगठनों को डेटा उल्लंघनों और साइबर खतरों से बचाता है। आज, जब डेटा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है, ये मानक न केवल संगठनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं का भरोसा भी कायम रखते हैं। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और स्मार्ट सिटी जैसी तकनीकों में मानक उपकरणों और प्रणालियों के बीच तालमेल सुनिश्चित करते हैं। बिना मानकों के, तकनीकी प्रगति अव्यवस्थित और असुरक्षित हो सकती है, जिससे नवाचार की गति मंद पड़ सकती है।

मानकों का सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव भी गहरा है। आईएसओ 50001 जैसे ऊर्जा दक्षता मानक ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन से लड़ने में योगदान देते हैं। उदाहरण के लिए, ऊर्जा-कुशल उपकरण और भवन उपभोक्ताओं के बिजली बिल को कम करते हैं और पर्यावरणीय बोझ को हल्का करते हैं। इसी तरह, आईएसओ 13485 जैसे चिकित्सा उपकरण मानक मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करते हैं। ये मानक न केवल तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक समानता और कल्याण को भी प्रोत्साहित करते हैं। संक्षेप में, मानक न केवल प्रगति के प्रहरी हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी भविष्य के निर्माणकर्ता भी हैं।


विश्व मानक दिवस हमें मानकों के गतिशील और निरंतर विकसित होने वाले स्वरूप की याद दिलाता है। तकनीकी नवाचार और सामाजिक परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए मानकों को समय के साथ अपडेट करना अनिवार्य है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों ने नए मानकों के निर्माण को प्रेरित किया है। आईएसओ जैसे संगठन उभरती आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए नवीन मानक विकसित करते हैं, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं का सहयोग शामिल होता है। विश्व मानक दिवस इस सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करता है और सभी हितधारकों को मानकों के निर्माण व कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

विश्व मानक दिवस यह स्पष्ट करता है कि मानक महज तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे हमें सुरक्षा, विश्वास और प्रगति का आधार प्रदान करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों का पालन करना केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक अनमोल अवसर है-जो हमें बेहतर उत्पाद, उन्नत सेवाएँ और एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाता है। मानकों को अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को सरल और सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि एक ऐसी दुनिया का निर्माण करते हैं जो समावेशी, टिकाऊ और समृद्ध हो। 14 अक्टूबर का यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम मानकों को न केवल अपनाएँ, बल्कि उनके विकास में योगदान दें और उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

# शिविर में 100 से ज्यादा लोगों को दिया निःशुल्क चिकित्सा परामर्श

खबरों की दुनिया



**सीकर।** पुलिस लाइन शेखपुरा मोहल्ला रोड सीकर स्थित डॉ. निर्भय पेन एंड पैरालिसिस क्लीनिक की ओर से सोमवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर निर्मय सैनी, फिजिशियन डॉक्टर रोहित कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास सैनी ने रोगियों की जांच कर उपचार के संबंध में परामर्श दिया। शिविर में गठिया, साइटिका, मांसपेशियों में खींचा व कमर दर्द, चेहरे का लकवा एडी में दर्द हाथ पैरों में कंपन व सुन्नपन, रीड की हड्डी का टेड़ापन, हाथ पैरों में लगवा, फैक्चर, बीपी, शुगर, थायराइड, हृदय रोग, श्वास रोग, मूत्र रोग, सिर दर्द, एसिडिटी, त्वचा रोग, से संबंधित 100 से ज्यादा रोगियों ने पंजीकरण करवाया।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में इंट्रा-क्लास मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया



**निवाई।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा छात्रों में वकालत कौशल एवं न्यायालयीय प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से एक इंट्रा-क्लास मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपने शोध कौशल, विधिक तर्कशक्ति तथा प्रस्तुतीकरण क्षमता का प्रदर्शन किया। पीआरओ ठा. तनुज सैंगर ने बताया कि प्रतियोगिता की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेशकुमार जलुथरिया ने की। न्यायाधीश दिनेशकुमार जलुथरिया ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें विधि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इसी प्रकार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव एवं अपर जिला न्यायाधीश दिनेशकुमार जलुथरिया के सानिध्य में डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जलुथरिया ने बताया कि नालसा का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के कमजोर, वंचित, आर्थिक रूप से पिछडे वर्गों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को निश्शुल्क विधिक सहायता प्रदान करना है। जिससे न्याय सभी के लिए सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि उपखंड या तहसील स्तर पर तालुका विधिक सेवा समितियाँ गठित की गई हैं। यह समितियाँ ग्रामीण क्षेत्रों, पंचायतों, स्कूलों, जेलों और सामुदायिक स्थानों पर विधिक जागरूकता फैलाने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. धीरज पांडे, डीन डॉ. जयप्रकाश दुबे, विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष शर्मा, आईटी प्रबंधक अनुज तिवारी, भरत शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

# संकल्प, मनोबल और श्रम, सफलता का संगम



संजीव ठाकुर
लेखक व चिंतक

कठिन परिस्थितियाँ कभी पूर्व सूचना देकर नहीं आतीं वे अचानक जीवन के द्वार पर दस्तक देती हैं। इसलिए मनुष्य को सदैव सजग, सावधान और आत्मनियंत्रित रहना चाहिए। जीवन के दो पहलू खुशियाँ और अवसाद ऐसे हैं जैसे दिन और रात। यह हमारे विवेक पर निर्भर करता है कि हम इन परिस्थितियों को किस प्रकार आत्मसात कर संतुलित जीवन का निर्माण करते हैं। जीवन स्वयं में एक गणित है- कभी दो और दो चार होते हैं तो कभी दो और दो पाँच भी। यही 'पाँच' जीवन की विषम परिस्थितियों का प्रतीक है, जो हमें संघर्ष और सहनशीलता का पाठ सिखाती हैं। मनुष्य, समस्त सृष्टि में चेतनता की सर्वोच्च अवस्था है। पत्थरों में चेतना शून्य, वृक्षों में अंकुरित, पशु-पक्षियों में गतिमान और मनुष्य में सर्वाधिक विकसित रूप में विद्यमान है। यही चेतना उसे विचार, मनन और समाधान की दिशा में अग्रसर करती है।

मनुष्य का जीवन विविध मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक संघर्षों का संगम है। किंतु इतिहास साक्षी है- जब भी मनुष्य ने अपनी मनोबल, शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प का उपयोग किया, तब उसने असंभव प्रतीत होने वाले कार्यों को भी संभव कर दिखाया।

जिस मनुष्य में उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास का समुच्चय होता है, वही व्यक्ति हर परिस्थिति का सामना सौम्यता और विवेक के साथ करता है। मानव की संकल्पशक्ति इतनी ऊर्जावान होती है कि वह विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल दिशा में मोड़ लेता है और अपनी शक्ति का सकारात्मक उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में कर पाता है।

मनुष्य को सदैव कर्मरत और कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त मस्तिष्क सृजन करता है, जबकि खाली मस्तिष्क अवसाद का घर बन जाता है। एकाग्र चित्त, ऊर्जावान मन और दृढ़ संकल्प ही किसी भी कठिन लक्ष्य की प्राप्ति के सशक्त आधार हैं।

मानव इतिहास ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरा है जहाँ अदम्य संकल्प और मनोबल ने असंभव को संभव किया। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी- महात्मा गांधी, सरदार पटेल, नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, सरोजिनी नायडू- इन्होंने विपन्न परिस्थितियों में भी अपनी मानसिक दृढ़ता और संगठन शक्ति से असंभव प्रतीत होने वाली स्वतंत्रता का स्वप्न साकार किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि संकल्प और आत्मबल ही किसी भी राष्ट्र या व्यक्ति के पुनर्जागरण की मूल प्रेरणा हैं।
जीवन में सफलता पाने के लिए सादगी, ईमानदारी, निरंतरता और श्रमशीलता आवश्यक हैं। कोई भी महान व्यक्ति आकाश से अवतरित नहीं होता- वह भी इसी मिट्टी से जन्मा सामान्य मानव होता है, जिसने अपने संघर्ष, संयम और साहस से असाधारण उपलब्धियाँ अर्जित कीं। मनुष्य का हृदय एक अनंत ऊर्जा स्रोत है। जब मस्तिष्क चिंतन करता है, दिशा तय करता है और कर्म में रूपांतरित होता है, तब लक्ष्य साकार होता है। किंतु यदि मन निराश या भयभीत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव हो जाता है।

इसलिए आवश्यक है कि हम अपने मन को सदैव प्रसन्न, प्रफुल्ल और सकारात्मक रखें। यही मानसिक स्थिति हमें विषम परिस्थितियों में भी स्थिर रखती है और नए युग की दिशा में प्रेरित करती है। जीवन में पिछड़ने के अनेक कारणों में से एक प्रमुख कारण है- स्वयं पर अविश्वास। सफलता के लिए सुनियोजित योजना, आत्ममूल्यांकन, कठोर श्रम और मानसिक संतुलन आवश्यक हैं। संपन्नता के बावजूद यदि मनोबल दुर्बल है, तो सफलता दूर हो जाती है।

**अतः यह निर्विवाद सत्य है कि-**
'जीवन की सर्वोच्च सफलता संकल्प, मनोबल और निरंतर कर्म की त्रिवेणी से ही संभव है।'

जो व्यक्ति अपने भीतर की ऊर्जा को पहचान लेता है, वही अपने जीवन को श्रेष्ठ, सार्थक और समाजोपयोगी बना पाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

## कविता

### पत्थर के शब्द

**धीरे-धीरे पत्थर बनता है मनुष्य,**
**हँसी फीकी पड़ती, शब्द ठहर जाते,**
**अँधेरा भीतर घुस आता,**
**और प्रेम भी सिर्फ स्मृति में रह जाता।**

**ओस की बूँद जैसी आँखें सूख जाती,**
**संध्या की धुंध में मुस्कान खो जाती,**
**भीतर की नदिया जम जाती,**
**और गूँज में शब्द ढँक जाते,**
**पत्थर बनकर भी भीतर झरती रहती नदी।**
**दरारें पड़ती हैं मन में,**
**हँसी लोहा बन जाती, धरती भी काँपती नहीं,**
**वह खुद कठोर पाषाण बन जाता,**
**मौन उसकी विद्रोही प्रार्थना बन जाता।**
**धीरे-धीरे उसका जीवन एक ठहराव में बदल जाता,**
**जहाँ संवेदना सूख जाती, शब्द धूल बन जाते**
**और वह जीवित रहते हुए भी**
**अंदर से निर्जीव हो जाता।**

**फिर भी कहीं भीतर एक धीमी धड़कन बच जाती,**
**जैसे पत्थर में फँसी नमी कभी-कभी**
**चमक दिखा देत,**
**याद दिलाती मनुष्य अब भी कहीं, जी रहा।**

खबरों की दुनिया
एक नजर

# यातायात पुलिस ने निकाली सड़क सुरक्षा नियमों की जागरूकता रैली



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिला यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम से पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक की दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराये जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि जब तक वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण न कर लें तब तक वाहन ना चलाएं और अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों के प्रति सजग और जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा आयोजन कराया जा रहे हैं। इस अवसर पर यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य भावी पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा जयंती को लेकर विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वाहन चालकों के साथ समझाइश की जा रही है तथा उन्हें यातायात नियमों के लिए प्रेरित किया जा रहा है । विभाग द्वारा रैली में जिला फुटबाल संघ जिला हॉकी संघ व जिला बैडमिंटन व क्रिकेट के खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई।

# न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली महोत्सव



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** न्यू रॉयल पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, धौलपुर में दीपावली महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों, रंगोली और विद्यार्थियों की मुस्कान से जगमगा उठा। इस अवसर पर बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में महोत्सव के अंतर्गत ग्रीटिंग कार्ड निर्माण प्रतियोगिता, दीप सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और दीपावली संदेश लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ दीपावली हरित दीपावली का संदेश भी दिया गया। बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय प्रबंधक लकी जैन ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 'ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और सृजनशीलता को बढ़ावा देते हैं।

प्रधानाचार्य विनय कुमार जैन ने भी विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा की और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

# बिजली के बकाया बिल होने पर उतरे ट्रांसफार्मर



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने अपनी टीम के साथ सोमवार को उच्चाधिकारियों के आदेश पर बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही की गई। जिसमें 11 केवी फीडर माता रहना वाली, नादौली, मच्छरिया, भगपुरा और हथवारी से 8 ट्रांसफार्मर करीब 7.8 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए गए तथा 62000 हजार रुपए के बिल मौके पर ही जमा किए गए। मौके पर मौजूद लोगों से तिवारी ने अपील की कि वे अपना बिल समय से जमा करे जिस से विभाग का घाटा न हो और उपभोक्ताओं को नियमित 24 घंटे विद्युत निर्बाध रूप से सप्लाई दी जा सके। इसके साथ सहायक अभियंता ने लोगों को राजस्थान सरकार की मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी की किस तरह आप को 150 यूनिट्स मुफ्त मिल सकती हैं इसके लिए आप को अपने स्मार्ट मोबाइल से बिजली मित्र ऐप डाउनलोड करना होगा उस पर जाकर 150 यूनिट्स मुफ्त सोलर योजना में अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। मौके पर मौजूद कई लोगों के रजिस्ट्रेशन किए गए। नई योजना का लोगों ने स्वागत किया और उस में रुचि दिखाई। कार्यवाही टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड के साथ साथ वरिष्ठ टेक्निशियन भूदेव शर्मा, नवल सिंह जाट, धर्मेंद्र सिंह,जगदीश सिंह इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** 33, 11 केवी सब-स्टेशन कलेक्ट्रेट से निकलने वाले 11 केवी आरएसी फीडर पर मरम्मत व रखरखाव का कार्य होने के कारण 14 अक्टूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियन्ता जयपुर एचटीएम जेवीवीएनएल धौलपुर ने बताया कि 11 केवी आरएसी फीडर के आरएसी लाइन, संतर रोड़, कलक्टर निवास, कायस्थ पाड़ा, धूलकोट एवं नारायण कॉलोनी की 14 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पंच कोणीय पेंटागुलर मीट खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में पंचमुखी पंच कोंणीय प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह किया गया। यह प्रतियोगिता 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक 5 दिन तक चलेगी। प्रतियोगिता में देश के पांचों राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल, बेंगलुरु, बेलगांव, अजमेर एवं धौलपुर के 35-35 छात्र-छात्राऐं भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में बॉक्सिंग यानी मुक्केबाजी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, अंग्रेजी में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गीय वाद-विवाद प्रतियोगिता, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्गीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं से सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के छात्रों में आपसी भाईचारे, खेलकूद की भावना एवं अनुशासित वातावरण के साथ प्रेम सौदार्य को बढ़ाना है।






इन प्रतियोगिताओं से एक दूसरे को जानने-पहचानने एवं छात्रों के व्यतव में निखार उत्पन्न होगा। इस प्रतियोगिता के शुभारम्भ के मुख्य विद्यालय के प्राचार्य ले? कर्नल अमित शर्मा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा छठवीं के छात्रों के स्वागत गीत गाया। उसके उपरांत राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने मार्शल आर्ट की साहसिक प्रयास का प्रदर्शन किया जो कि सबके दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर हो गए। तत्पश्चात पांचों मिलिट्री स्कूल के छात्रों ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली, इस अवसर पर पांचों राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों के अध्यापक एवं सभी प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय के पूर्व छात्र तथा विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

विद्यालय के प्राचार्य ले? कर्नल अमित शर्मा ने बताया कि पंच कोणीय पेंटागुलर मीट प्रतियोगिता का आयोजन सर्वप्रथम 1996 में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में ही आयोजित की गई। इसके पश्चात कॉविड-19 के बाद, यह प्रतियोगिता 6 साल के अंतराल के बाद पुनः राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में ही प्रारंभ की जा रही है जो कि एक बहुत ही साहसिक कार्य है।

उन्होंने कहा कि खेलों से छात्रों में आत्मविश्वास और हिम्मत जैसे सद्गुणों का विकास होता है। टीम भावना का उद्भव होता है। खेल भावना से जीतना ही नहीं हारना भी सिखाते हैं और आपसी भाईचारा बढ़ता है। अपने उद्देश्य को प्राप्त करने या लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहने के लिए आह्वान किया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावनाओं को जागृत रखने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एवं पूर्व छात्रों ने शांति और सद्भावना के प्रतीक विभिन्न रंगों के गुब्बारे आकाश में छोड़ते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना और कांग्रेस पार्टी की नीति विचारधारा को आम जनता तक पहुंचना : नदीम जावेद

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत धौलपुर जिले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है इसी क्रम में आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने पत्रकारों से संवाद किया।

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का मूल उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और कांग्रेस पार्टी की नीति व विचारधारा को आम जनता तक पहुंचना है। संगठन सृजन अभियान के तहत यह तय किया जा सके की कौन व्यक्ति जिला अध्यक्ष के पद के लिए उपयुक्त रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछ्ले चार दिनों से जिला स्तर पर, ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ताओं से व्यक्ति गत संवाद स्थापित कर चुके हैं। वर्तमान जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न जाति वर्गों एवं विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 20 लोगों ने जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है जिनमें चार महिलाओं ने भी आवेदन किया है और यह प्रक्रिया जारी है आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सर मथुरा और बसेड़ी के कार्यकताओं से संवाद करने के लिए वह जा रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने कहा कि मैने ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अजीत यादव ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों, ब्लॉक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सामूहिक चर्चा कर अलग-अलग कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर संगठन की वर्तमान स्थिति पर रायशुमारी की है। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कई प्रदेशों में सफलतापूर्वक जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जिले में प्रत्यक्ष संवाद की प्रक्रिया 20 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी उसके बाद प्रदेश नेताओं की राय के बाद संभवत से 30 अक्टूबर तक प्रक्रिया संपन्न हो सकती है। राजस्थान प्रदेश बना बीमारु राज्य- विधायक रोहित वोहरा



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा प्रेस वार्ता में कहा प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है और राजस्थान प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में शामिल हो गया है वर्तमान सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया है। इस अवसर पर धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, प्रदेश सचिव साजिद खान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, जिला प्रवक्ता धनेश जैन पंकज तिवारी मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों में भोजन तैयार करनी बाली कुक कम हेल्पर्स को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

## दीपावली से पूर्व भुगतान किया जाए

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** दीपावली का त्यौहार नजदीक है। जिले की ढाई हजार के करीब मिड डे मील वर्कर्स पिछ्ले तीन माह से मानदेय के लिए तरस रहीं हैं। ऐसे में अल्प मानदेय पर सरकारी स्कूलों में दूसरों के बच्चों का पेट भरने वाली महिलाओं का समय पर मेहनताना नहीं मिलने से त्योहारी सीजन में खुद के घर चलाना मुश्किल हो रहा है लेकिन जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। यही नहीं विभागीय उदासीनता का आलम यह है कि बजट उपलब्ध होते हुए भी पिछ्ले डेढ़ साल से दूध योजना की भी स्कूलों को राशि नहीं दी जा रही है। इस संबंध में सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयुक्त मिड डे मील को ज्ञापन भेजकर सरकार से कुक कम हेल्पर्स को जुलाई माह से लंबित मानदेय का दीपावली के त्योहार से पूर्व भुगतान कराए जाने तथा स्कूलों को पोषाहार लागत राशि व दूध योजना का भी बजट जल्द जारी कराने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने आयुक्त को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि दीपावली का महत्वपूर्ण त्यौहार आने वाला है लेकिन कुक कम हेल्पर्स को जुलाई माह से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रही मिड डे मील वर्कर्स को अपने परिवार संचालन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार स्कूलों को जुलाई से कन्वर्जन कॉस्ट की राशि का बजट भी जारी नहीं होने से स्कूल प्रबंधन को योजना संचालन करने में काफी दिक्कतें आ रहीं हैं।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश को दी 9,300 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

## 4 लाख करोड़ रुपए के निवेश एमओयू की हुई ग्राउण्ड ब्रेकिंग



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। शाह नवीन आपराधिक कानूनों पर आयोजित राज्य स्तरीय 6 दिवसीय प्रदर्शनी 'नव विधान-न्याय की नई पहचान' के उद्घाटन के लिए जयपुर आए थे।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की। उन्होंने प्रदेश के लगभग 40 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड़ रुपये एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने प्रदेश के दूरदर्शी विकास की संकल्पना को समर्पित 'विकसित राजस्थान-2047 कार्ययोजना' का विमोचन भी किया।

**ग्रामीण जल योजना का किया शिलान्यास–**

ग्रामीण जल योजना जघीना (भरतपुर), झीरी, ब्लॉक सरमथुरा (धौलपुर) एवं ग्राम नेहड़ाई देवा पोहरा जेठवई किशनघाट (जैसलमेर) के 58.63 करोड़ रूपये के 3 कार्य। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने धौलपुर जिले के 55 हजार 463 छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म की राशि 3 करोड़ 32 लाख 77 हजार 800 रूपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तातंरण किए।

# ट्रक चालक ने परिवहन विभाग की फ्लाइंग टीम की गाड़ी को मारी टक्कर

## ट्रक चालक ने हाईवे पर ट्रक लगाकर लगाया जाम

**धौलपुर ।** परिवहन विभाग की फ्लाइंग टीम ने ट्रक को रोकने का इशारा किया तो ट्रक चालक ने फ्लाइंग टीम की गाड़ी को टक्कर मारकर फरार होने का प्रयास किया तो परिवहन विभाग की टीम ने ट्रक का पीछा तो ट्रक चालक ने सदर थाने के सामने हाइवे पर ट्रक को खड़ा कर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जाम खुलवाने के साथ ही ट्रक ड्राइवर समेत कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को परिवहन विभाग की फ्लाइंग टीम ने हाईवे पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान टीम ने एक ट्रक को रोकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ाते हुए सीधे टीम की जीप में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ड्राइवर और उसके साथियों ने टीम पर पथराव किया और मौके से फरार हो गए। जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने पथराव कर दिया। जब टीम ने ट्रक का पीछा किया तो आरोपी ट्रक ड्राइवर ने सदर थाने के पास हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह मय जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने समझाइश के बाद जाम खुलवाया और ट्रक चालक सहित कुछ लोगों को हिरासत में लिया।

# नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, विशेष सफाई व्यवस्था तथा सार्वजनिक रोशनी की व्यवस्था की जाए दुरुस्त

**धौलपुर।** दीपावली के त्यौहार से पूर्व नगर परिषद तथा नगर पालिका क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, विशेष सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक रोशनी व अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था दुरूस्त की जाए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने दीपावली के पावन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों को कार्यशील एवं चालू किया जाएं। साथ ही प्रमुख चौक, चौराहा, राजकीय कार्यालयों एवं मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर रंगीन रोशनी एवं सजावट की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करें। सड़कों के किनारे विद्युत तारों की जांच कर टूटे या लूज तारों की तत्काल मरम्मत कराया जाएं। साथ ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग या जाली लगवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आवासीय एवं वाणिज्यिक इकाई से ठोस अपशिष्ट का नियमित एवं दैनिक संग्रहण सुनिश्चित किय जाएं। जिससे कूड़ा आदि सड़कों पर जमा ना हो सके। दीपावली से पूर्व सड़कों, पार्कों, चौकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया जाएं।

# नवीन आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में वर्चुअली जिले से पुलिसकर्मी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, सीएलजी सदस्य ग्राम रक्षक एवं गणमान्य नागरिकों ने जुड़कर निभाई भागीदारी

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** जयपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा राजस्थान पुलिस द्वारा नवीन आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 से 18 अक्टूबर तक जेईसीसी सीतापुरा, जयपुर में न्याय के नए युग की शुरु हुए प्रदर्शनी कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले से बड़ी संख्या में वर्चुअली कार्यक्रम में भागीदारी निभाई गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में जिला स्तर पर पुलिस लाइन सभागार, कलेक्ट्रेट व जिला परिषद के साथ ही जिले के सभी थानों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कर जिले से बड़ी संख्या पुलिसकर्मी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, छ्स्त्र सदस्यस ग्राम रक्षक एवं गणमान्य नागरिक वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में नाट्य रूपांतरण के माध्यम से नए कानूनों की सरल व रोचक जानकारी दी गई। जिला स्तर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ हवा सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट व जिला परिषद सभागार में पुलिसकर्मियों, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें। इसके साथ ही जिले के सभी पुलिस थानों में थानाधिकारी, पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी, आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक एवं अन्य गणमान्य नागरिक अपने निकटतम पुलिस थाने पर पहुंचकर वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सभी को अपने नवीन अधिकारों को जानने, न्यायिक प्रक्रिया में बदलावों को समझने और एक सशक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी बनने का अवसर मिला है। अब कानून का मकसद सिर्फ सजा नहीं, सुधार और सुरक्षा भी है। नवीन आपराधिक कानून भारत के हर नागरिक के सम्मान और अधिकार की रक्षा का वादा हैं।



खबरों की दुनिया

एक नजर

## जाने-माने फोटो ग्राफर लालाराम सैनी का निधन, कस्बे में शोक की लहर



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** कस्बा भुसावर निवासी एवं क्षेत्र के जाने पहचाने फोटोग्राफर लाला राम सैनी का आकस्मिक निधन सोमवार 13 अक्टूबर को अलसुबह हो गया। जिसकी खबर के बाद कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कोहराम मच गया। जिसने भी सूना वह स्तब्ध रह गया और लोग अपने आंसू नही रोक पाये। वहीं उनकी अन्तिम यात्रा में दर्जनों लोगों की भीड उमड पडी। जहां सभी ने भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और भगवान से इस दुख की घडी को सहन करने की शक्ति परिवारीजनों को प्रदान करने को लेकर प्रार्थनाएं की।

## सेवा भारती में दीपक मेंगी मंत्री नियुक्त, कार्यकारणी का किया विस्तार



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** सेवा भारती कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष मनोज मलिक जिला कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में नया बाजार में आयोजित हुई । बैठक में विभाग प्रकल्प प्रमुख पवन कुमार वैष्णव से चर्चा कर कार्यकारणी का विस्तार किया गया । जिसमें तहसील मंत्री दीपक मेंगी उपाध्यक्ष अजय सिंह नवनीत पुरोहित सह मंत्री अमित शर्मा स्वावलंबन आयाम प्रमुख नारायण प्रजापत कार्यक्रम सह प्रमुख संध्या कंवर सदस्य महेंद्र कुमार श्रृंगी चुन्नी सिंह को नियुक्त किया गया । तहसील अध्यक्ष चंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर शनिवार को अन्नकूट महाप्रसादी का कार्यक्रम महापालेश्वर मंदिर पर आयोजित होगा । बैठक में प्राचीन शिव मंदिर नहर रोड के जीर्णोद्धार का कार्य जनसहयोग से करवाने का निर्णय लिया गया । बैठक में विनोद कुमार त्यागी अजय सिंह नारायण प्रजापत सुरेश चंद्र गौड़ सहित सदस्य मौजूद रहे ।

## बाबा श्याम का दरबार सजाया दी भजनों की प्रस्तुतियां

### 18वीं भजन संध्या का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** श्याम परिवार चारभुजा द्वारा 18वीं भजन संध्या का धूमधाम से आयोजन किया गया । बाबा श्याम का पूजन पप्पू गुर्जर इंदिरा बाई द्वारा किया गया । श्याम भक्त राहुल शर्मा राहुल दुबे दीपेश सोनी ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। दीपेश सोनी ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की, कार्यक्रम में मौजूद भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी । कार्यक्रम में मौजूद भक्तों ने भगवान के भजनों पर भाव विभोर होकर नृत्य किया । आरती के पश्चात सभी भक्तों को चूरमा खीर का प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में ऋषभदेव शर्मा विजय शर्मा प्रवीण लाड़ युवराज शर्मा रमेश गुर्जर भरत निहलानी तेजा गुर्जर मदन मामा सहित भक्त मौजूद रहे ।

### सरकार से आश्वासन मिलने पर अनशन खत्म, 7 नवंबर तक समय सीमा तय

# सरिस्का में भर्तृहरी संघर्ष समिति का तीन दिवसीय आंदोलन समाप्त





खबरों की दुनिया

**अलवर।** सरिस्का क्षेत्र में भर्तृहरी संघर्ष समिति द्वारा ग्रामीणों की मांगों को लेकर किया गया तीन दिवसीय आंदोलन शनिवार को समाप्त हो गया। आंदोलन के तीसरे दिन समिति के तीन सदस्यों द्वारा किया जा रहा अनशन प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद समाप्त करवा दिया गया। मधु ओला द्वारा अनशनकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें सभी की स्थिति सामान्य पाई गई। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग थी कि सरिस्का क्षेत्र को भर्तृहरी अभ्यारण्य घोषित किया जाए। अकबरपुर थाना अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने अनशनकारियों को समझाइश करते हुई हुए कहा कि आंदोलन व अनशन से आमजन को असुविधा होती है। प्रतिष्ठान बंद रहने से व्यवसाय प्रभावित होता है तथा आवाजाही में भी परेशानियां आती हैं। धीरेंद्र कर्दम ने आश्वासन दिया कि आंदोलनकारियों की समस्याओं को अलवर जिला कलेक्टर के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि बिजली, पानी, खाद-बीज व खातेदारी भूमि जैसी स्थानीय समस्याएं भी प्रशासन के समक्ष रखें, जिन्हें यथासंभव स्थानीय स्तर पर समाधान किया जा सकता है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि 7 नवंबर तक सरकार ने सरिस्का क्षेत्र को भर्तृहरी अभ्यारण्य घोषित करने संबंधी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा।

## फेसबुक पर मुख्यमंत्री, भरतपुर सांसद व पूर्व केबीनेट मंत्री पर की अभद्र टिप्पणी

### सासंद प्रतिनिधी ने कराया पुलिस में मामला दर्ज, पुलिस ने किया आरोपी गिरफ्तार

**नदबई।** सोशल मीडिया (फेसबुक) पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भरतपुर सांसद संजना जाटव व पूर्व केबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामलें में पुलिस सीओ अमरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे पहले भरतपुर सांसद प्रतिनिधी गिरीश जौहरी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

पुलिस के अनुसार जयपुर सांगानेर थाना क्षेत्र के श्याम बिहार मुहान मंडी कॉलोनी निवासी फूलसिंह प्रजापत पुत्र पूरन सिंह प्रजापत को हिरासत में लिया। बाद में जांच पड़ताल दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने मोबाइल जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार आरोपी ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर दबंग फूलसिंह प्रजापत भरतपुर एकाउंट से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भरतपुर सांसद संजना जाटव व पूर्व केबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। जिसके चलते सांसद प्रतिनिधी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## विवेकानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने 9वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में 6 मेडल जीते

खबरों की दुनिया



**चिड़ावा।** गतका खेल में चिड़ावा के विवेकानंद पब्लिक सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 9वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में स्कूल की टीम ने 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित कुल 6 मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चैंपियनशिप का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, नॉर्थ कैंपस में किया गया था। विद्यालय के प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न इवेंट्स में ये मेडल हासिल किए। टीम सिंगल सोटी इवेंट में छात्रा भाविक सैनी और मानवी स्वामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता, जबकि इसी इवेंट में हीया शर्मा और उदीप्ति सैनी ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इसके अलावा, इंडिविजुअल सिंगल सोटी इवेंट में छात्रा उदीप्ति सैनी और छात्र शुभम सैनी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। मेडल जीतकर लौटे सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, कोच विक्रम सिंह और लीना कुमारी का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक शिवचन्द सैनी, सचिव कोशी सैनी, प्रिंसिपल विनोद कुमार सैनी और समस्त स्टाफ ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## विद्यालय में हुआ स्वच्छता प्रश्नोत्तरी का आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में सोमवार को स्वच्छता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया । प्राचार्य लोकेश जोशी द्वारा परमाणु बिजलीघर प्रशिक्षण अधिकारी डॉ अशोक वर्मा सहित उनके सहयोगियों का विद्यालय परिसर पहुंचने पर स्वागत किया गया । परमाणु बिजलीघर अधिकारियों द्वारा समस्त विद्यार्थियों शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई । प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों से स्वच्छता पर आधारित 10 प्रश्न पूछे गए । कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य मुकुंद देवधर ने किया । कार्यक्रम में एन के शर्मा एम एस ढाका छोटी बाई मीणा सुनील कुमार यादव रंजना यादव संगीता प्रकाश शिखा शर्मा शालिनी श्रृंगी अनिल बंजारा ममता मालव ने सहयोग किया ।

## बिजली कर्मियों में रोष सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के तत्वाधान में बिजली कर्मचारियों ने सोमवार को सहायक अभियंता देवेंद्र नागर को ज्ञापन देकर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि तकनीकी कर्मचारी रविंद्र सिंह राजेंद्र सिंह हाडा की विगत दिनों काम करने के दौरान हादसा होने से गंभीर चोटें आई । दोनों घटनाओं को लेकर विद्युत कर्मचारी में भारी रोष है । कर्मचारियों ने ज्ञापन में सुरक्षा उपकरण सीढ़ी दस्ताने आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाने की मांग की ।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में दी शानदार प्रस्तुतियां



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा केंद्र विद्यालय क्रमांक 4 में सोमवार को समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । सी सी ए प्रभारी रचना यादव ने बताया कि प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित हुई । विद्यार्थियों में रंग बिरंगे पारंपरिक परिधान धारण कर देश के विभिन्न प्रांतो के उत्सवों पर आधारित नृत्य कला का अद्भुत प्रदर्शन किया । निर्णायक मंडल में बेबी रानी रोहिताश्व गौतम डॉ रिंकू गुप्ता रहे । हेडमास्टर पवन कुमार ने प्रतिभागियों को उत्साह बढ़ाया । प्राचार्य दिलीप सिंह ने परिणाम की घोषित कर विजेताओं का सम्मान किया । कक्षा 1 एवं 2 जूनियर वर्ग में प्रथम तिलक सदन द्वितीय शिवाजी सदन तृतीय सुभाष सदन रहा, सीनियर वर्ग में प्रथम सुभाष सदन द्वितीय शिवाजी सदन तृतीय तिलक सदन रहा। कार्यक्रम का संचालन माया चंद्र ने किया ,गौरव कुमार रोहित दहिया ने तकनीकी सहयोग किया । शिक्षिका यासमीन शालिनी सोनी शिक्षक निकुंज शर्मा अनूप पाठक ने सहयोग किया ।

## बायोकेमिस्ट प्रतियोगी परीक्षा-2024 के साक्षात्कार हेतु 46 अभ्यर्थी की सूची जारी

**जयपुर ।** आरपीएससी ने चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के लिए आयोजित बायोकेमिस्ट प्रतियोगी परीक्षा-2024 में गत 7 जून को हुई लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा के साक्षात्कार के लिए पूर्णतः अस्थायी रूप से सफल 46 अभ्यर्थियों की सूची व विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार के लिए सफल घोषित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करके दो प्रतियों में भरकर सभी आवश्यक शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति और अन्य प्रमाण-पत्रों की फोटोकॉपी के साथ आगामी 28 अक्टूबर तक आयोग कार्यालय में जमा करवाना होगा।

## मावा मंडी में 1 हजार 380 किलो मिलावटी मावा करवाया नष्ट

खबरों की दुनिया




**जयपुर ।** त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और मावे की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने सोमवार को जयपुर में मावा मंडी, शास्त्री नगर में बड़ी कार्रवाई की । शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत इस संयुक्त अभियान का नेतृत्व संयुक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) डॉ. विजय प्रकाश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम, डॉ. रवि शेखावत ने किया। कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में की गई।

कार्रवाई सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हुई। टीम ने मावा मंडी क्षेत्र में स्थित एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों और गोदामों की गहन जांच की। मौके पर खड़े दो पिकअप वाहनों और एक महिंद्रा जीप में रखे मावे के नमूनों की जांच के दौरान 12 व्यापारियों से कुल 13 नमूने एकत्र किए गए।

जांच के दौरान मावे की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। प्रारंभिक जांच में मावा मिलावटी पाए जाने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 1 हजार 380 किलोग्राम मावा मौके पर ही नष्ट करवाया। यह विशेष अभियान शाम 6 बजे तक लगातार जारी रहा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों पर मावे की गुणवत्ता, भंडारण की स्वच्छता, बिक्री बिल, लेबलिंग और अन्य मानकों की जांच की। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह एवं नरेश कुमार चेजारा सक्रिय रूप से शामिल रहे। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारी अवसरों पर मिलावट के किसी भी प्रयास को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिलों में इसी प्रकार की अचानक जांच कार्रवाइयां और निगरानियां निरंतर जारी रहेंगी। आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि आने वाले दिनों में मिठाई निर्माण इकाइयों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं और नमकीन निर्माण इकाइयों पर भी विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को चेतावनी दी है कि वे लाइसेंस शर्तों और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि विभाग न केवल कार्रवाई कर रहा है बल्कि जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित कर रहा है, ताकि उपभोक्ता मिलावट के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को भी संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना विभाग के हेल्पलाइन नंबर या जिला कार्यालय को देनी चाहिए।

## थाना परिसर पर वीसी के जरिए मीटिंग आयोजित

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों की दी जानकारी

खबरों की दुनिया



**भुसावर।** थाना परिसर पर जयपुर में नव विधान न्याय की नई पहचान कार्यक्रम के तहत यह जानकारी भुसावर सहित भरतपुर जिले के खेडली मोड थाना पर आमजन द्वारा सुनी गई। भुसावर थाना पर यह कार्यक्रम सीओ धर्मेंद्र शर्मा की मुख्य आतिथ्य में तथा थाना अधिकारी रामदयाल मीणा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। गृह मंत्री शाह ने बताया कि ये नए कानून नागरिक अधिकारों की रक्षा और न्याय की सुगमता के आधार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य दंड के बजाय न्याय प्रदान करना है, और ये 21वीं सदी के सबसे बड़े सुधार हैं। नए कानूनों के तहत पुलिस व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं, जिससे पुलिस को अधिक अधिकार मिले हैं और उनकी जवाबदेही भी बढ़ी है। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पति प्रकाश चंद जाटव, सीएलजी सदस्य, महिला सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस स्टाफ, भाजपा कार्यकर्ता और आमजन सहित कई लोग मौजूद रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## राजस्थान और डेनमार्क के बीच कृषि और पशुपालन के क्षेत्रों में सहभागिता और साझेदारी बढ़ाने पर हुआ विचार विमर्श



**जयपुर (खबरों की दुनिया)।** किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के नेतृत्व में पंचायती राज व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित प्रदेश के 38 प्रगतिशील किसानों का दल तीन मंत्रियों के नेतृत्व में इन दिनों डेनमार्क दौरे पर है। डेनमार्क में यह दल वहां कृषि और पशुपालन की नई तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। अध्ययन दल ने डेनमार्क प्रवास के दौरान भारत के राजदूत मनीष प्रभात से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच कृषि, पशुपालन, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में आपसी सहयोग एवं ज्ञान-विनिमय पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान दल के सदस्यों ने राजस्थान में चल रही कृषि, पशुपालन, जल प्रबंधन तथा नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की तथा डेनमार्क के अनुभवों से सीखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की। राजदूत मनीष प्रभात ने अध्ययन दल का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान जैसे राज्य में डेनमार्क की तकनीकी विशेषज्ञता और नवाचार विशेष रूप से कृषि, पशुपालन और डेयरी प्रबंधन के क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

# मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के प्रयास पर 'अजाक' ने जताया रोष, राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

खबरों की दुनिया



**चिड़ावा।** अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संगठन (अजाक), चिड़ावा ब्लॉक इकाई ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय परिसर में हुई घटना, जिसमें मुख्य न्यायाधीश (CJI) बी. आर. गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की गई थी, पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस घटना के विरोध स्वरूप अजाक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी चिड़ावा को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इस कृत्य में शामिल शरारती तत्व पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में अजाक सदस्यों ने कहा कि यह कृत्य न सिर्फ न्यायपालिका का अपमान है, बल्कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुँचाने का भी प्रयास है।

उन्होंने मांग की कि मामले की गंभीरता को समझते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने वालों में अजाक के कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे। इनमें ब्लॉक अध्यक्ष अनिल महारानियां, महासचिव सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष महेश कुमार, करण सिंह, मंगेश भगत, बिजेश बुलानिया, आनंद मेहरा, विकास बुलानिया, महावीर प्रसाद महरिया, मनोहरलाल महरिया, एडवोकेट विजय महारानियां, एडवोकेट ओमप्रकाश माहिच, एडवोकेट अरविंद, एडवोकेट अरुण पाटिल, विनोद जिलोवा, मानसिंह महरिया, विकास मेहरिया, विक्रम सिंह, सुमित चेजारा, अभिषेक भगत, अंकित भगत व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक वर्ग के ऋणियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2025

**झुंझुनूं ।** अल्पसंख्यक वर्ग के ऋणियों के लिए राहत भरी खबर है। अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा राजस्थान वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के माध्यम से दिए गए स्वरोजगार एवं शिक्षा ऋण की बकाया राशि जमा करवाने हेतु 'एकमुश्त समाधान योजना 2025' शुरू की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझाड़िया ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऋणियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। बकाया ऋण राशि एकमुश्त जमा करवाने पर ब्याज एवं दंडनीय ब्याज में छूट दी जाएगी। विभाग ने ऋणियों की सुविधा को देखते हुए योजना की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं ऋणियों को मिलेगा जो निर्धारित तिथि तक अपनी बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाएंगे। निर्धारित अवधि के बाद राशि जमा नहीं करवाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, झुंझुनूं से संपर्क कर सकते हैं या दूरभाष नंबर 021592-232032 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## झरिया गांव के आश्रम में लगाए 221 पौधे



**झुंझुनूं(खबरों की दुनिया)।** निकटवर्ती जिले चुरू के झरिया गांव स्थित आकाश नाथ महाराज के आश्रम में सोमवार को 221 पौधे भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष झुंझुनूं व पार्षद राकेश सहल के नेतृत्व में लगाए गए। पेड़ यहां आकाश नाथजी महाराज के आश्रम व गौशाला और मंदिर प्रांगण में लगाए गए। इस दौरान महाराज ने कहा कि पेड़ लगाना एक पुण्य का काम है। सृष्टि को बचाएं रखने में इनका अहम योगदान है। जिस तरह मनुष्य को जीने के लिए रोटी कपड़ा और मकान की जरूरत रहती है। उसी तरह पेड़ो का होना बहुत जरूरी है। पेड़ है तो ही जीवन है। हर व्यक्ति को पेड़ लगाने चाहिए।

पूर्व पार्षद राकेश सहल ने बताया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण बढ़ाओ अभियान के तहत 221 पेड़ लगाए गए हैं। हर व्यक्ति को अपने दिनचर्या में इस को भी शामिल करना चाहिए कि में अपने आस पास में ऐसे स्थान जहां पेड़ लगाने की जगह है वहां पेड़ लगाएं या जो पेड़ लगे हुए है उनकी देखबाल करे। इस अवसर पर अनिल जोशी, पंडित सोनू पुजारी, चिरांगा जी महाराज आदि उपस्थित रहे।

# सूरजगढ़ उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन



खबरों की दुनिया

**सूरजगढ़।** हिंदुत्व के नाम पर सर्वोच्च न्यायपालिका पर हमला भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में जारी जाति का अधिकार और धार्मिक उन्माद असहिष्णुता की प्रवृत्ति फैलाने वाले संगठनों पर शीघ्र रोक लगाने की मांग का डॉ.आंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसियेशन इकाई सूरजगढ़ के ब्लॉक संरक्षक मोतीलाल डिग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। अजाक प्रवक्ता ओमप्रकाश सेवदा ने बताया कि भारत की सर्वोच्च अदालत जो न्याय और संविधान की अंतिम व्याख्याकार मानी जाती है। सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान इकहत्तर वर्षीय अधिवक्ता राकेश कुमार ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश और गिरफ्तारी के समय चिल्लाया कि ÷सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान÷ यह घटना केवल एक अदालत में हुई बदतमीजी नहीं है। बल्कि यह एक जहरीली विचारधारा का परिणाम है। जिसने धर्म के नाम पर हिंसा और नफरत को सामान्य बना दिया है। ज्ञापन देने वाले मंडल में अजाक ब्लॉक इकाई कोषाध्यक्ष राधेश्याम चिरानिया, बाबूलाल बडगूजर, सोहन लाल, सज्जन कटारिया ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जारी जातिगत अहंकार धार्मिक उन्माद, असहिष्णुता की प्रवृत्ति फैलाने वाले संगठनों पर शीघ्र रोक लगाने, सामाजिक सौहार्दपूर्ण, सद्भाव एवं भ्रातत्व भावना के ताने-बाने को सुरक्षित रखते हुए देश के लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने की मांग की है।

बाल विवाह मुक्त मैराथन में दौड़े लोग

## अमृता हाट में विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**झुंझुनू ।** जिला मुख्यालय के शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चल रहे अमृता हाट में सोमवार को सुबह बाल विवाह मुक्त मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ को कार्यक्रम स्थल से समाजसेवी प्यारेलाल ढूकिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, विभाग के उपनिदेशक विपल्व न्योला , मंजू मील ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। दोपहर को अमृता हाट में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चेतन प्रथम, सुनीता द्वितीय एवं प्रीति तृतीय स्थान पर रही । विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि सोमवार शाम को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अमृता हाट में बेटी जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें बिना/पवन, वंशिका/सुरेंद्र, अंशु/ कमलेश, वामिका/मुकेश, सुमन/संद ीप को जिला प्रशासन एवं विभाग की ओर से बेटी जन्म पर बधाई पत्र एव बेबी किट का वितरण किया गया। वही इस दौरान जन्म दिवस पर रावी/सुरेंद्र कड़वासरा से केक कटिंग भी करवाई गई। इस दौरान अतिथि के रूप में अमिता गेट बाल विकास परियोजना अधिकारी, डॉ श्रेआ कुलहरि, अंजू कसवां, मनीराम मंडीवाल, पूजा, उषा कुलहरि, सरिता, ममता, सुनीता, सौरव उपस्थित रहे।

## नेशनल पावर चैंपियनशिप में अंशु, प्रिंस व हिमांशु ने जीते गोल्ड

**चिड़ावा।** एपीएस स्कूल चिड़ावा के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि गुड़गांव में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में विद्यालय के छात्र अंशु, प्रिंस एवं हिमांशु ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन डॉ. पायल ने पदक विजेता खिलाड़ियों को एवं उनके कोच अंकित चौधरी को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि दिनांक 28 नवंबर 2025 को भूटान में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में इन तीनों गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आज के सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य डॉ. जी सी शर्मा, परिवहन अधिकारी शमशाद खान, अंतराष्ट्रीय कोच राकेश सैनी एवं अंतराष्ट्रीय कोच अंकित चौधरी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## साईबर सुरक्षा के संबंध में दिया जागरूकता प्रशिक्षण



**झुंझुनूं (खबरों की दुनिया)।** साईबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत एन आई सी झुंझुनू की ओर से साईबर सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया, इसमें जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कमलेश सैनी, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पूनम महला व साईबर क्राइम सेल से राजेन्द्र सिंह द्वारा शिक्षा विभाग ब्लॉक कोऑर्डिनेटर और संदर्भ व्यक्ति को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें साईबर सुरक्षा, साईबर फ्रॉड और उससे होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दी गई। इनके द्वारा मौजूद शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को फिशिंग स्कैम, केवाईसी, ओटीपी स्कैम, और डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। उन्होंने स्ट्रॉन्ग पासवर्ड बनाने, टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, व्हाट्सएप प्राइवेसी सेटिंग अपडेट करने तथा सुरक्षित वेबसाइटों का उपयोग करने और ओटीपी जैसी जानकारी सांझा न करने की सलाह दी गई। इस दौरान साईबर अपराध होने की स्थिति में तुरंत '1930' पर कॉल करने या https://cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने की बात कही। इनके द्वारा आगामी दिनों में अपने अपने ब्लॉक तथा विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा तथा आमजन नागरिक व विद्यार्थियों को साईबर अपराध से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# शहीद वीरांगना सीमा मोगा का किया सम्मान


खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र क्यामसरिया के सानिध्य में शहीद सार्जेंट सुरेंद्र सिंह मोगा जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर में उनके असाधारण साहस के लिए मरणोपरांत भारतीय वायु सेवा मेडल (वीरता) से सम्मानित करने पर वीरांगना बलरिया गांव की बेटी और महरादासी गांव की बहू सीमा मोगा का सम्मान किया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेश सचिव रामकुमार झाझडिया एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष चौधरी ने प्रतिक चिन्ह भेंट कर सीमा मोगा को सम्मानित किया। झुंझुनूं ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुभिता पूनियां एवं शहर ब्लॉक अध्यक्ष रेणु कस्वां ने शहीद वीरांगना को सॉल ओढ़ाकर होंसला अफजाई की। वीरांगना के पिता सेना से सेवानिवृत्त रामनिवास मील को कुलदीप नेहरा ने फूल माला पहनाई। महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष चंद्रकला चौधरी, जिला सलाहकार सुमन कटेवा, जिला महासचिव रितू गढ़वाल, ग्रामीण ब्लॉक महासचिव संतरा कुल्हरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुलोचना जतन सिंह, ब्लॉक महासचिव अनिता देवी, ब्लॉक उपाध्यक्ष शारदा देवी, ब्लॉक महासचिव सपना बाबल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिला चौधरी ने सीमा मोगा को फूलमाला पहनाकर के सम्मानित करते हुए शहीद की बेटी वृतिका एवं बेटा दक्ष मोगा का भी माला पहनाकर के सम्मान किया। राष्ट्रीय जाट महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने सार्जेंट शहीद सुरेन्द्र मोगा के परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## आशीर्वाद पैलेस पर श्रीमद् भागवत 24 से

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से चूना चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस पर कुलदेवी श्री राणी सती दादी एवं पितृ कृपा से श्रीमद् भागवत कथामृत महोत्सव 24 अक्टूबर को प्रारंभ होगा। कथा का समय प्रति दिन दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक का रहेगा। डॉक्टर डीएन तुलस्यान ने बताया कि व्यासपीठ से कथा का संगीतमय रसपान श्री हरिशरण महाराज के श्री मुख से होगा। कथा का शुभारंभ कथावाचक श्री हरिशरण महाराज एवं बगड दादूद्वारा के पीठाधीश्वर डॉ. अर्जुन दास महाराज के सान्निध्य में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। प्रति दिवस कथा स्थल पर प्रातः 5 बजे से प्रवचन, 7 बजे से प्रभात फेरी का आयोजन तथा कथा के पश्चात प्रति दिवस धार्मिक प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले भक्तों को महाराज श्री द्वारा पारितोषिक प्रदान किया जायेगा। भागवत पूजन मूलपाठ पंडित संजू के आचार्यत्व में होगा।

# चिकित्सा शिविर का 145 ने लाभ उठाया

खबरों की दुनिया



**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा स्वर्गीय अंजना भार्गव एवं कुशान भार्गव की स्मृति में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 145 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरण की गई। डॉ. एसएन शुक्ला एवं डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था चैयरमेन डॉ. उम्मेद सिंह, जयप्रकाश शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, श्याम सुंदर जालान, नागर मल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, राजेंद्र प्रसाद जोशी, रूपेश खेतान, डॉ. एसके भार्गव, सूमेरसिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, शिव प्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, सीताराम सैनी, राम गोपाल शर्मा, सुभाष जोशी, अकराज कुरैशी, बजरंग लाल अग्रवाल, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, पवन कुमार खेतान, भरत कुमार तुलस्यान, ओमप्रकाश ककराणीया, हरिशंकर खेतान, अंजनी पांडे आदि ने सेवाएं दी।

# शिक्षाविद राजकुमार सैनी को समाज सेवा के लिए किया सम्मानित

खबरों की दुनिया



**नवलगढ़ ।** माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू द्वारा उदयरवाटी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवलगढ़ के पूर्व प.स.स., सरपंच प्रतिनिधि एवं भारती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चैयरमेन राजकुमार सैनी को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए समाज सेवा के रूप में सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर वाटी विधायक भगवानाराम सैनी ने की। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत समारोह के मुख्य अतिथि थे। ओबीसी बोर्ड सदस्य पवन मांवडिया, नवलगढ चेयरमैन राजकुमार सैनी, उदयपुरवाटी चेयरमैन रामनिवास सैनी, चिड़ावा चेयरमैन सुमित्रा सैनी बतौर मंचस्थ अतिथि थे। अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, साफा पहनाकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा लिखित पुस्तक गुलामगिरी व दुपट्टा पहनाकर कर राजकुमार सैनी व अन्य विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। राजकुमार सैनी के द्वारा मुक्तिधाम में साफ सफाई व पौधारोपण का कार्य करके आसपास के मुक्तिधाम के लिए प्रेरणा श्रोत बने। कोरोना काल में आर्थिक सहयोग से लोगों को खाने के किट वितरित करना, जरूरतमंद व आपदा से प्रभावित लोगों को जन सहयोग एकत्रित करके जरूरत मंद परिवारों को संबल प्रदान करना। मात्तरहीन पितृहीन व जरुरत मंद बच्चों को मुक्त शिक्षा देना। वर्तमान में भक्तों की जोड़ में गौशाला बनाकर आवारा पशुओं के लिए कार्य करना। राजकुमार सैनी के द्वारा सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए जरूरत मंद लोगों की मदद करते रहते हैं। इन सामाजिक कार्यों को देखते हुए माली सैनी समाज संस्था झुंझुनू ने उन्हें 'समाज सेवी' से सम्मानित किया है।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में फॉर्निक्स क्विज का आयोजन




खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज में एसआरक्यूसी स्टूडेंट रिसर्च एंड क्विज कंसोर्टियम) क्लब द्वारा सृजन 2025 में फॉर्निक्स क्विज का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष डॉ वंश गुप्ता एवं उनकी टीम ने 4 राउंड्स में क्विज आयोजित की। फर्स्ट राउंड को ऑनलाइन माध्यम द्वारा करवाया गया जिसमें देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 60 टीमों ने भाग लिया। दूसरे राउंड में 16 टीम, तीसरे राउंड में 8 टीम और अंतिम राउंड में 4 टीमों का चयन हुआ। प्रथम एवं द्वितीय स्थान सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज की टीमों का रहा व तृतीय स्थान मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली की टीम का रहा। डॉ वंश ने बताया कि विजेता टीम को क्लासिक 3एम लिट्टमैन स्टैथौस्कोप, ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। क्विज को सफल बनाने में डॉ तोषित विजयवर्गीय (उपाध्यक्ष), डॉ सुहानी मित्तल, डॉ पीयूष बांगर, डॉ संयम जैन एवं सदस्यों का अहम योगदान रहा।

ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित सिंदूर स्मारिका वाटिका का लोकार्पण

## देश की सरहदों की रक्षा और अखंडता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है : संजय शर्मा

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को कोटपूतली स्थित पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में 'सिंदूर स्मारिका वाटिका' का लोकार्पण किया। स्मारिका पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी हीरालाल रावत, रतनलाल शर्मा, प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर एवं शंकरलाल कसाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्मारिका पट्टिका के अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सात सिंदूर के पौधों के रोपण से हुई। मंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सरहदों की रक्षा और देश की अखंडता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में प्रभावित निर्दोष पर्यटकों को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, प्रधानमंत्री और सरकार के कुशल नेतृत्व और वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को सटीक जवाब दिया। वन मंत्री ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे इस वाटिका में लगाए गए सिंदूर के पौधों की देखभाल करें और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार कोटपूतली में बनने वाली लेपर्ड सेंचुरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

शीघ्र ही एक बड़ा लेपर्ड कंजर्वेशन एरिया विकसित होने जा रहा है। पर्यटन और वन संरक्षण पर मंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में 5 टाइगर रिजर्व और 2 नेशनल पार्क हैं, जिनमें 135 बाघ हैं। पर्यटकों को बेहतर सुविधा देने हेतु अब ऑनलाइन टिकटिंग व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। यही प्रयास है कि पर्यटकों को सुरक्षित, स्वच्छ और समृद्ध प्राकृतिक वातावरण मिले। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से पूरा विश्व जुझ रहा है, उसका एक ही उपाय है कि वृक्षारोपण करें और प्रकृति का संरक्षण करें। इसके साथ ही पॉलीथिन का उपयोग न करें और यह संकल्प लेकर कि पानी की एक-एक बूंद बचाएंगे, वृक्षारोपण करेंगे और पॉलीथिन का उपयोग नहीं करेंगे, आने वाली पीढ़ियों को ये सौगात दें। विशिष्ट अतिथि हीरालाल रावत ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले में शहीद हुए पर्यटकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वाटिका का निर्माण समाजसेवकों और भामाशाहों के सहयोग से करीब 2.5 लाख रुपए की लागत से किया गया है।

## अंता विधानसभा उपचुनाव- 2025 के लिए अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

### स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं उडन दस्ते की तैनाती

खबरों की दुनिया

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग ने अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही अंता विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग अधिकारी की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी की गई है और उम्मीदवारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार 13 अक्टूबर से ही शुरू हो गई है। पहले दिन इंडियन नेशनल कांग्रेस की तरफ से प्रमोद जैन ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। नामांकन-पत्र अंता के रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 3 बजे के बीच प्रस्तुत किए जा सकेंगे। रविवार 19 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर को दीपावली का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। नामांकन-पत्रों की संवीक्षा गुरूवार 23 अक्टूबर को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख सोमवार 27 अक्टूबर तय की गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार, अंता विधानसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक होने पर मतदान 11 नवम्बर को होगा। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे संपन्न होगी। 14 नवम्बर को मतों की गिनती की जाएगी। घोषित कार्यक्रम के अनुसार, उपचुनाव की समस्त प्रक्रिया 16 नवम्बर तक पूरी होगी।

**नामांकन के लिए आवश्यक :** महाजन ने बताया कि नामांकन के समय अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों को रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति होगी। कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में एक अभ्यर्थी केवल 3 वाहनों के साथ प्रवेश कर सकेंगे। अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरा हुआ नामांकन-पत्र और शपथ-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

**स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं उडन दस्ते की तैनाती :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने बताया कि अंता विधान सभा उपचुनाव-2025 की निगरानी के लिए 12 स्टेटिक सर्विलांस टीम और 12 उड़न दस्ते तैनात किए हैं। क्षेत्र में चेक पोस्टों का निर्माण कर दिया गया है, जहाँ स्स्ज्ञ(स्थैतिक निगरानी दल) दलों द्वारा वाहनों की सतत चौकिंग की जा रही है। उड़न दस्तों द्वारा भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अवैध गतिविधियों की शिकायत पर तत्काल संबंधित स्थल पर जाकर कार्यवाही की जा रही है। व्यय अनुवीक्षण तंत्र द्वारा राजनैतिक दलो एवं अभ्यर्थीयों द्वारा चुनाव प्रचार एंव अन्य गतिविधियों पर किये जाने वाले समस्त व्यय पर सघन निगरानी रखी जा रही है। अब तक लगभग 35 लाख रूपए की जब्ती की जा चुकी है।

## विधानसभा पहुँचने पर मंत्रीगण, विधायकगण और विधान सभा के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया देवनानी का अभिनंदन

### बारबाडोस सम्मेलन और यू.के. अध्ययन यात्रा से लौटे विधान सभा अध्यक्ष

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का सोमवार को विधान सभा पहुंचने पर मंत्रीगण, विधायकगण और विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभिनंदन किया। देवनानी बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेकर और संसदीय परम्पराओं का यू.के. में अध्ययन यात्रा के बाद रविवार को लौटे है। देवनानी का विधान सभा कर्मियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर, साफा, फूल माला और दुपट्टा पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। देवनानी ने सभी विधान सभा कर्मियों के हाल-चाल पूछे। देवनानी के साथ इस यात्रा में प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी गये थे।

उल्लेखनीय है कि बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में देवनानी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में राउंड टेबल परिचर्चा में लोकतंत्र को समर्थन देने के लिए हमारी संस्थानों का सुदृढ़ीकरण, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इसका खतरा-स्थायी समाधान ढूँढना और सुशासन, बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में राष्ट्रमंडल की भूमिका पर विचार व्यक्त किये। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के भी अध्यक्ष श्री देवनानी ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक साधारण सभा में भी भाग लिया।

लंदन यात्रा के दौरान देवनानी ने सावरकर हाउस, अम्बेडकर हाउस सहित ऐतिहासिक भवनों का अवलोकन किया। लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर देवनानी ने पुष्पाजंलि अर्पित की। यू.के. और बारबाडोस में भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात कर उनके योगदान और भारतीय संस्कृति व लोकतांत्रिक मूल्यों को विश्व में बढ़ावा देने के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री देवनानी ने राजस्थान विधान सभा के डिजिटल पहल, महिला सशक्तिकरण, पारदर्शिता, समावेशी शासन मॉडल सहित सनातन संस्कृति के अनुरूप प्रकाशित विधान सभा कैलेण्डर और डायरी सहित विभिन्न नवाचारों को वैश्विक मंच पर साझा किया।

## राजकीय अंबेडकर छात्रावासों में गेस्ट फैकल्टी हेतु 24 अक्टूबर तक किये जा सकेंगे आवेदन

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित राजकीय अंबेडकर छात्रावासों में गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे कठिन विषयों के लिए विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों को अस्थायी गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

## राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी 'दुबई में राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' से सम्मानित



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में आयोजित भव्य समारोह में 'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, लोककल्याण तथा राजस्थान के समग्र विकास के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। राजस्थान बिज़नेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप (आरबीपीजी) दुबई एवं राजस्थान फाउंडेशन दुबई चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दिवाली उत्सव 2025 कार्यक्रम के दौरान डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान प्रदान किया गया।

**राज्य वित्त आयोग की नीतियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान :** डॉ. चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजस्थान राज्य वित्त आयोग ने पंचायतों और नगरीय निकायों को सशक्त बनाने, वित्तीय संसाधनों के न्यायसंगत वितरण तथा स्थानीय निकायों के विकास को गति देने के लिए कई अभिनव पहल की हैं। वित्तीय विकेंद्रीकरण की दिशा में आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल रही है।

**प्रवासी राजस्थानी हुए सम्मानित :** राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरा राम जांगिड़ ने बताया कि इस अवसर पर दुबई में पिछले 75 वर्षों से राजस्थान मूल के लोगों की सहायता कर रहे श्री वासु श्रॉफ, तथा बीएनडब्ल्यू डेवलपर्स के मालिक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री अंकुर अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'प्रवासी सम्मान अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया।

**राजस्थान का सम्मान, दुबई की धरती पर :** आरबीपीजी अध्यक्ष हरिकिशन रांकावत ने कहा कि डॉ. अरुण चतुर्वेदी को समाज कल्याण, शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम में दुबई में भारत के कॉन्सुल जनरल सतीश शिवन, आरबीपीजी चेयरमैन लालाराम, बोर्ड डायरेक्टर डॉ. केसर कोठारी, उपाध्यक्ष डॉ. रोमित पुरोहित सहित संगठन के सभी ट्रस्टी एवं लगभग 1200 प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट और उद्योगपति परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान मूल के प्रसिद्ध संगीतकार शारिब-तोशी की प्रस्तुति ने समां बाँध दिया।

## कंज्यूमर केयर अभियान में पहले दिन प्रदेशभर में उपभोक्ता मामले विभाग की कारवाई

**जयपुर।** प्रदेश में दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन करने के विरुद्ध सघन कंज्यूमर केयर अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा दुकानों का निरीक्षण कर नियमों का पालन न करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को विभागीय अधिकारियों के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में गठित टीमों द्वारा 97 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं डिब्बा बंद वस्तुएँ नियम 2011 के तहत कारवाई की गई। इस दौरान 72 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किया।

## उन्नति इन्क्यूबेशन हब' के तहत राजीविका और भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान के बीच एमओयू

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** ग्रामीण एवं स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के हस्तशिल्प आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) ने अपनी नई पहल उन्नति इन्क्यूबेशन हब के तहत सोमवार को भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान, जयपुर (आईआईसीडी) के साथ सोमवार को राजीविका के जयपुर स्थित राज्य मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। है।

इस अवसर पर आईआईसीडी के सचिव नरेंद्र गुप्ता, राजीविका की मिशन निदेशक नेहा गिरि, परियोजना निदेशक प्रीति सिंह एवं राज्य परियोजना प्रबंधक डॉ. पूजा शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस समझौते का उद्देश्य डिजाइन आधारित हस्तक्षेपों एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, नवाचार, उत्पाद विविधीकरण एवं विपणन सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

राजीविका की संस्थागत पहुंच और आईआईसीडी की डिजाइन विशेषज्ञता के संयुक्त प्रयास से यह सहयोग हस्तशिल्प एवं शिल्प आधारित उद्यमों को नई दिशा देगा, जिससे स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

यह साझेदारी ग्रामीण महिलाओं के लिए सतत् आजीविका, नवाचार और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विधान सभा अध्यक्ष ने विधायक हरीश मीणा के घर पहुंचकर जताया गहरा शोक, देवनानी ने मीणा को बंधाया ढांढस

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को जवाहर नगर स्थित निवास पर पहुंचकर विधायक हरीश मीणा के पुत्र हनुमंत मीणा के आकस्मिक देहावसान पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। देवनानी ने स्व. हनुमंत मीणा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

देवनानी ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि हनुमंत मीणा का असमय निधन अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। इस कठिन घड़ी में हम सब परिवार के साथ हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से कामना की।



राजस्थान की शान मालती चाहर बिग बॉस में—आपका वोट बनाएगा विजेता

## दीपक-राहुल चाहर की बहन मालती ने बिग बॉस में मचाई धूम, नॉमिनेशन में आई—अब वोट से करें सपोर्ट




खबरों की दुनिया

**आगरा ।** राजस्थान क्रिकेट की शान भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और राहुल चाहर की बहन मालती चाहर इन दिनों टीवी के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में अपने हुनर और आत्मविश्वास का रंग बिखेर रही हैं। वाइल्ड कार्ड एंट्री के जरिए शो में पहुंचीं मालती की खूबसूरती, समझदारी और आत्मविश्वास ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया है। इस हफ्ते वे नॉमिनेशन लिस्ट में शामिल हैं और अब राजस्थान की इस प्रतिभा को शो में बनाए रखने की जिम्मेदारी दर्शकों की है।

बिग बॉस, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं, दुनियाभर में सबसे चर्चित रियलिटी शो में से एक है।

मालती चाहर इससे पहले फेमिना मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। उन्होंने गदर फेम डायरेक्टर अनिल शर्मा की फिल्म 'जीनियस' में रॉ एजेंट की भूमिका निभाई थी। लखनऊ से बी.टेक करने के बाद मालती का सपना आईएएस बनना था, लेकिन बाद में उन्होंने ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा।

आज वे फिल्मों और ओटीटी प्लेटफार्म पर अभिनय के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक और एक्टिंग टैलेंट से हजारों फॉलोअर्स का दिल जीत चुकी हैं।

अब बिग बॉस के मंच पर मालती चाहर राजस्थान की पहचान और आत्मविश्वास की मिसाल बनकर उभर रही हैं। अगर आप चाहते हैं कि राजस्थान की यह स्टार इस मंच पर और आगे बढ़े,तो उसे वोट देकर जीत की राह पर बनाए रखें।

## चुनाव कार्य में लापरवाही पर बगरू ईआरओ ने 3 बीएलओ को किया निलंबित

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने समेत निर्वाचन संबंधी कार्य लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के बगरू निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी संघमित्रा बरडिया ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले 3 बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी बगरू ने बताया कि कार्यालय महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय, खानियॉ के अध्यापक, मोहम्मद अजीज खान, महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय, खानियॉ की अध्यापिका प्रियंका जिन्दल एवं निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर के कनिष्ठ सहायक, पार्थ सारथी गौड़ को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। उक्त कार्मिको द्वारा उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी कर पुनः कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। कार्मिकों द्वारा ना तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं ना ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिको द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर निलंबन के आदेश जारी किए गए है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइल:** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778